हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 13 अगस्त 2026

नया दशन पैक

KP GROUP Quality Since 1965

30% EXTRA

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री ®

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors

Chewing of pan masala is injurious to health

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 13 अगस्त 2026

इस स्वतंत्रता दिवस पर

80 ऑफर की सलामी

सुमीत बाजार™

हर परिवार की पसंद

KIDS DHAMAKA

BUY 1 GET 1 FREE*

15th AUGUST FREEDOM FESTIVAL SALE

1ST AUGUST TO 15TH AUGUST

ONLY ₹80

सोफा पैनल
MRP. ₹149 & above

ब्वॉयस टीशर्ट
MRP. ₹295 & above

प्लास्टिक चटाई
MRP. ₹149 & above

मेन्स टीशर्ट
MRP. ₹169 & above

ONLY ₹180

कॉटन लिनन प्रिंटेड साड़ी
MRP. ₹299 & above

वुमेन्स टॉप 2 पीस
MRP. ₹295 & above

प्रिंटेड पर्दा
MRP. ₹349 & above

मल्टीपरपस स्टोरेज कंटेनर 2 पीस
MRP. ₹499 & above

ONLY ₹280

बैंगलोर चंदेरी प्रिंटेड साड़ी
MRP. ₹599 & above

वुमेन्स कुर्ती पेंट
MRP. ₹495 & above

सिंगलबेड बेडशीट 1+2 2 पीस
MRP. ₹399 & above

मेन्स कुर्ता 2 पीस
MRP. ₹349 & above

ONLY ₹380

अजरक प्रिंट विथ मिरर साड़ी
MRP. ₹799 & above

वुमेन्स को-आर्ड सेट
MRP. ₹495 & above

सिंगलबेड ए.सी. ब्लांकेट 2 पीस
MRP. ₹469 & above

मेन्स ब्रांडेड शर्ट
MRP. ₹599 & above

ONLY ₹480

बैंगलोरी सिल्क साड़ी 2 पीस
MRP. ₹1099 & above

वुमेन्स वनपीस मिडी
MRP. ₹799 & above

ब्रांडेड टॉवेल 2 पीस
MRP. ₹599 & above

मेन्स ब्रांडेड जीन्स
MRP. ₹799 & above

ONLY ₹580

5D सिल्क प्रिंटेड साड़ी
MRP. ₹1299 & above

कुर्ती पेंट दुपट्टा सेट 2 पीस
MRP. ₹495 & above

डबलबेड प्रिंटेड कम्फर्टर 2 पीस
MRP. ₹499 & above

मेन्स ब्रांडेड ट्राउजर
MRP. ₹1199 & above

अन्य आकर्षण और भी है | साईज उपलब्धतानुसार | ऑफर स्टॉक रहने तक | ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है आयटम भिन्न हो सकते हैं | *नियम व शर्तें लागू.

छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद राजनांदगांव । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ।। उड़ीसा - खरियार रोड । नुआपाड़ा ।। मध्यप्रदेश - बालाघाट । धामनोद

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY

AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES



4000 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited **450+**

Up to **100%** Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to **₹ 35 LPA**

ADMISSION OPEN (2026-27)

Programme Offered

Engineering & Technology

B.TECH.

- B. Tech in Computer Science Engineering (AI and Data Science) In Association with IBM
- B. Tech in Computer Science Engineering (AI and ML) In Association with Google
- B. Tech in Mechanical Engineering (Global Certification in Mechanical Design) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech in Civil Engineering (Global Certification in 3D Design) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech in Electronics & Communication Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
- B. Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy

M.TECH

- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engineering
- Production Engineering
- VLSI •Software Engineering

POLYTECHNIC DIPLOMA

- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

UG DIPLOMA IN FIRE SAFETY MANAGEMENT

Commerce & Management

MBA

Marketing I Finance I HR I Production I IT I Retail

Tourism and hospitality management

BBA as per (AICTE Model Curriculum)

BBA (Business Analytics with AI)

PGDBM (PG Diploma in Business Management)

B.Com Banking & Finance in Association with IIBF

M.Com Banking & Finance in Association with IIBF

D.B.F. (Diploma in Banking and Finance) in Association with IIBF

Education & Physical Education

Bachelor of Education (B.Ed)

Master of Education (M.Ed)

Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)

Master of Physical Education and Sports (MPES)

Master of Arts in Yoga (MA Yoga)

Information & Technology

M.Sc. (IT, CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/NPTEL

BCA (AI & ML/ Data Science) in Association with Google/Nasscom/EthnoTech Academy

B.Sc. (CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google

B.Sc. (IT) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google

PG Diploma in Computer Application (PGDCA) with AI

Diploma in Computer Application (DCA) with AI

Pharmaceutical Sciences

Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years

Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years

Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years

Law

B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.

Arts

Bachelor of Arts (BA) Integrated with **PSC** Coaching

B.A. (Geography) Remote Sensing and Geographical Information Systems (GIS).

B.A. (History) Digital Tools and Techniques in Historical Studies.

B.A. (Economics)

B.A. (Sociology) Digital Society, AI and Cyber Sociology.

B.A. (Political Science) Cyber Security and Governance.

B.A (Sanskrit) Vedic studies, Dharamshastra & Karmkand, IKS, Sanskrit Natya Shastra, and Vastu & Jyotish Science.

B.A. (English)

B.A. (Hindi)

Master of Arts (MA) Integrated with **PSC** Coaching

Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History Geography | Economics | Political Science Sociology | Education | Rural Development

UG Diploma in Foreign Language

PG Diploma in Geospatial Technology

Diploma in Karmakand

Diploma in Jyotish evam Vastu

Bachelor of Library Science (B.Lib)

Master of Library Science (M.Lib)

Master of Social Work (MSW)

Bachelor of Journalism | Master of Journalism

Performing Fine & Folk Arts:

BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA

Certificate Courses:

Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

Bachelor of Vocational (B.Voc)

Automobile Servicing | IT Application Development

House Keeping | Production Technology

Banking, Financial Services and Insurance

Home Care | Construction | AC & Refrigeration

Multimedia & Animation | Hospital Administration

Fashion Designing | Interior Designing

Fire & Safety (Industrial & Construction)

Research Programmes Ph.D.

FACULTY OF SCIENCE

B.Sc. Integrated with **PSC** Coaching

(Bachelor of Science)

Physics | Chemistry | Maths | Microbiology | Biotech | Botany | Zoology Computer Science | Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics

M.Sc. Integrated with **PSC** Coaching

(Master of Science)

PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology Rural Tech | Electronics | Applied Physics

PGDRD (PG Diploma in Rural Development)

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

(University Grants Commission) Act 1956 | The AICTE (All India Council of Technical Education) | The NCTE (National Council for Teacher Education) | The BCI (Bar Council of India) | Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU) | The University is Approved by CGPURC | The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) | University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

NIIT, Star, vivo, Tech Mahindra, zomato, HIKEEDU, pinnacle, LANCO, wipro, genpact, vedanta, amazon, IndusInd Bank, Bluspring, TeamLease Digital, Infosys, iON, 3i Infotech, Shree Cement, AXIS BANK

Special Features:

● Accredited by NAAC ● Chhattisgarh's first private university ● Skill Courses offered by PMKK in the University ● 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship. ● Fully Automated Central Library ● 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery ● Diverse student base from 8 states ● Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career. ● Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners. ● Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures. ● Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost ● Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes. ●Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education. ● Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines. ● Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities. ● PSC Coaching integrated UG/PG Programme ● Google Cloud Certified Digital Campus.

Call to Action: "Start Your Journey Today—Transform Tomorrow!"

✆ 6261-900581/88

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801,
E-mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

AdPrayas

यूक्रेन के सरकारी बैंक से चल रहा विवाद, रूस पर संपत्ति छीनने का आरोप

यूक्रेन विवाद 'सुलझाएंगे' चंद्रचूड़ रूस ने बनाया अपना मध्यस्थ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी कानूनी भूमिका निभाने जा रहे हैं। रूस ने यूक्रेन के सरकारी बैंक 'ओशाडबैंक' के साथ चल रहे एक बड़े निवेश संधि विवाद में उन्हें अपना मध्यस्थ नियुक्त किया है। यह पूरा मामला यूक्रेन युद्ध के दौरान हुए करोड़ों डॉलर के नुकसान के दावे से जुड़ा है। ग्लोबल आर्बिट्रेशन रिव्यू की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस हाई-प्रोफाइल मामले को सुलझाने के लिए तीन सदस्यों वाले एक ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है। कोस्टा रिका की मध्यस्थ और पूर्व व्यापार मंत्री डियाला जिमेनेज इस ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता करेंगी।

क्या है करोड़ों डॉलर का विवाद?

यह मध्यस्थता प्रक्रिया रूस और यूक्रेन के बीच साल 1998 में हुई द्विपक्षीय निवेश संधि के तहत शुरू की गई है। ओशाडबैंक का दावा है कि साल 2022 में रूस के पूर्ण सैन्य हमले और अन्य सैन्य कार्रवाइयों के कारण उसे भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। बैंक के मुताबिक, डोनेट्स्क, लुहान्स्क, खेरसॉन और जापोरिजिया क्षेत्रों में उसकी संपत्तियां और कामकाज पूरी तरह छिन गए। यह दावा करोड़ों डॉलर का बताया जा रहा है।

जेल में रेवन्ना के पास मिला रेडमी 5जी फोन, पेन ड्राइव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



■ पूर्व पीएम का पोता है, रेप केस में मिली है उम्रकैद

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पोता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के जेल कोठरी से मंगलवार को तलाशी के दौरान हल्के नीले रंग का रेडमी 5 जी मोबाइल फोन, सफेद चार्जर, नीले रंग की पॉकेट नोटबुक और काले रंग की सैनडिस्क पेन ड्राइव समेत कई अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है। रेवन्ना रेप मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। इसके बाद सेंट्रल जेल में प्रज्वल रेवन्ना और एक अन्य कैदी के खिलाफ कर्नाटक जेल (संशोधन) अधिनियम, 2022 और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। इस जब्ती के बाद जेल अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट फ्लाइट में हंगामे के चलते वापस लौटा विमान

फ्लाइट में एसी खराब, घुटन से यात्रियों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली से पुणे जा रही स्पाइसजेट की एक फ्लाइट में टेकऑफ से ठीक पहले उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विमान का एयर कंडीशनिंग (एसी) सिस्टम अचानक खराब हो गया। बंद केबिन में भीषण गर्मी और वेंटिलेशन न होने के कारण सांस घुटने से 100 से ज्यादा यात्रियों ने सफर करने से इनकार कर दिया। यात्रियों के उग्र विरोध के बाद प्लेन को रनवे से वापस बे (पार्किंग एरिया) में लौटाना पड़ा। दिल्ली से पुणे जाने वाली यह फ्लाइट मंगलवार रात 9:30 बजे रवाना होनी थी, लेकिन इसे रीशेड्यूल करके रात 11:30 बजे का समय दिया गया। बोर्डिंग के समय ही गर्मी: यात्रियों के बोर्ड करते ही केबिन के अंदर उमस और गर्मी बनी हुई थी। शुरुआत में यात्रियों ने इस उम्मीद में धैर्य रखा कि गेट बंद होने या टैक्सींग के दौरान एसी चालू हो जाएगा। विमान लगभग 40 से 45 मिनट तक रनवे पर टैक्सी करता रहा, लेकिन इसके बावजूद एसी शुरू नहीं हुआ।

खबर संक्षेप

कर्नाटक : गुटखा-तंबाकू पर 1 साल की रोक

बेंगलुरू। कर्नाटक सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए



तंबाकू और निकोटीन वाले उत्पादों के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने राज्य में ऐसे उत्पादों की बिक्री और वितरण पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगाने का नोटिफिकेशन जारी किया है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, 10 अगस्त 2026 को जारी किया गया यह आदेश नोटिफिकेशन की तारीख से एक साल तक पूरे कर्नाटक में प्रभावी रहेगा। इसके तहत गुटखा, पान मसाला और तंबाकू या निकोटीन वाले अन्य प्रतिबंधित उत्पादों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय वैज्ञानिक धर को मिलेगा डिराक पदक

लंदन। भारतीय भौतिक विज्ञानी दीपक धर को 'सांख्यिकीय



यांत्रिकी में उनके महत्वपूर्ण योगदान' को लेकर प्रतिष्ठित '2026 डिराक पदक' से सम्मानित किया गया है। यह सैद्धांतिक भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया के प्रमुख सम्मानों में एक है। इटली स्थित अंतरराष्ट्रीय सैद्धांतिक भौतिकी केंद्र (आईसीटीपी) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस वर्ष धर समेत चार भौतिक विज्ञानियों को यह पदक प्रदान किया गया है। धर बेंगलुरु स्थित 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' के 'इंटरनेशनल सेंटर षफॉर थियोरेटिकल साइंसेज' में प्रोफेसर हैं।

गृहमंत्री ने संसद में जवाब देने को तैयार, स्पीकर को भी लिखा पत्र

हर सवाल का जवाब देने को तैयार, दूध का दूध-पानी का पानी हो जाएगा : शाह

राहुल ने कहा- 'लेक्चर' नहीं सुनना, यह बताएं पैलेट गन का आदेश किसने दिया?

संसद में गतिरोध के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वे हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं ताकि देश की जनता के सामने सब 'दूध का दूध, पानी का पानी' हो जाए। शाह ने बुधवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखकर इस मुद्दे पर चर्चा के लिए समय तय करने की मांग की। दूसरी तरफ, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उसे गृह मंत्री का 'भाषण' और 'लेक्चर' सुनने में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया था?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बीते 20 जुलाई को आरंभ हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच शाह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखा और आरोप लगाया कि विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता। शाह ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार नीट से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों के मुद्दे पर सभी प्रकार से चर्चा के लिए तैयार है, 'मैं हर चीज का जवाब दूंगा, अब विपक्ष को तय करना है कि उन्हें चर्चा करनी है या हंगामा करना है। बाद में, शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नीट प्रश्नपत्र लीक मुद्दे को लेकर



छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर सदन में चर्चा के लिए विपक्ष से बातचीत करने करने का आग्रह भी किया।

'हमारी दिलचस्पी सिर्फ एक सवाल में है : राहुल



इधर, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शाह के बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष को उनका 'लेक्चर' उनकी काल्पनिक बातें सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर 'गोली चलाने' का आदेश किसने दिया था। उन्होंने कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो 'अक्षम' हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। राहुल ने कहा- 'हमारी दिलचस्पी सिर्फ एक साधारण सवाल में है। और जब मैं 'हम' कहता हूं, तो इसका मतलब इस देश की युवा पीढ़ी से है। सवाल यह है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली किसने चलवाई? एक छात्र को किसने अंधा कर दिया? छात्रों पर लाठियां चलाने का आदेश किसने दिया?

संसद में फिर हंगामा कार्यवाही स्थगित

अयोध्या के राम मंदिर से कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर चर्चा और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी को लेकर लोकसभा में बुधवार को विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सांसदों ने बहिर्गमन किया।

हंगामे के बीच ये विधेयक पारित

संसद ने बुधवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी, जिसमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने का प्रावधान है। राज्यसभा ने विधेयक पर हुई चर्चा का सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे मंगलवार को पारित कर चुकी है। उच्च सदन ने विधेयक पर विपक्ष द्वारा पेश संशोधनों को खारिज कर दिया। वहीं लोकसभा में सदन ने शोर-शराबे के बीच ही खान एवं खनिजों से संबंधित एक विधेयक को पारित कर दिया और एफसीआरए विधेयक को विस्तृत समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने की मंजूरी दी।

सीबीएसई 12वीं पूरक परीक्षा 53% छात्र उत्तीर्ण, पिछले साल 38.36% हुए थे सफल

2,75,287 विद्यार्थी हुए थे पूरक में शामिल, गत वर्ष से 14.72 प्रतिशत अधिक रहे परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। मुख्य परीक्षा में सभी विषय में उत्तीर्ण नहीं हो सके 2.75 लाख से अधिक परीक्षार्थी इसमें शामिल हुए थे, जिन्होंने उत्तीर्ण होने का दूसरा अवसर प्राप्त किया। सभी परीक्षार्थी अपना परिणाम सीबीएसई के डिजीलॉकर रिजल्ट पोर्टल पर आसानी से देख सकते हैं। सीबीएसई के आंकड़ों के अनुसार, सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए कुल 2,91,576 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 2,75,287 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। उपस्थित हुए विद्यार्थियों में 1,11,056 ने सुधार (इंप्रूवमेंट) श्रेणी के तहत परीक्षा दी। इस बार उत्तीर्ण रहने वाले छात्रों का प्रतिशत पिछले साल से 14.72 फीसदी अधिक है।

53.08 फीसदी विद्यार्थी सफल

वहीं, 1,64,231 विद्यार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में परीक्षा में शामिल हुए थे। इस वर्ष कंपार्टमेंट श्रेणी में 53.08 फीसदी विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। यह उत्तीर्ण प्रतिशत पिछले वर्ष 2025 के 38.36 फीसदी से काफी अधिक है। इस लिहाज से कंपार्टमेंट श्रेणी के परिणाम में इस बार महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया है। गौरतलब है, सीबीएसई ने सप्लीमेंट्री परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की थी जो अनिवार्य पांच विषयों में से किसी एक में निर्धारित उत्तीर्ण अंक हासिल नहीं कर पाए थे। इसके अतिरिक्त, छह विषय लेने वाले विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सके।

सुधार श्रेणी में 1,11,056 विद्यार्थी

इस वर्ष सुधार श्रेणी में 1,11,056 विद्यार्थी थे, जबकि कंपार्टमेंट श्रेणी में 1,64,231 विद्यार्थी शामिल हुए। जिन छात्रों ने अपने अंकों में सुधार करने या न्यूनतम उत्तीर्ण अंक हासिल करने के लिए यह परीक्षा दी थी, वे अब बिना परेशानी के अपना स्कोरकार्ड ऑनलाइन देख सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। दसवीं बोर्ड के लिए सीबीएसई ने इस बार दूसरी परीक्षा आयोजित की थी, जबकि बारहवीं कक्षा के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए पूरक परीक्षा आयोजित की गई थी।

जिम्बाब्वे : नौका पलटने से 15 की मौत, 27 लापता

हरारे (जिम्बाब्वे)। जिम्बाब्वे की करिबा झील में एक नौका के पलट जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। 90 लोगों को ले जाने में सक्षम नौका में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। 77 लोगों को बचाकर झील के एक छोटे द्वीप पर पहुंचा दिया गया है एवं उन्हें वापस लाने के लिए नौकाएं भेजी जा रही हैं। जिम्बाब्वे के सरकारी प्रसारक 'जेडबीसी' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तेज गति वाली कुछ नौकाएं झील में पलटी हुई नौका की ओर जाती दिखाई दे रही हैं।



रेड सी में अब तक 8 जहाज बने निशाना

सऊदी जहाज पर मिसाइल हमला 3 पाकिस्तानी समेत 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ रियाद



यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में सऊदी से जुड़े जहाज पर मिसाइल हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें 4 क्रू मेंबर मारे गए। इनमें 3 पाकिस्तानी और 1 इंडोनेशियाई नागरिक था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तंजानिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम 'तिहामा' था। यह ओमान के सलालाह पोर्ट से जिबूती जा रहा था। हूती विद्रोहियों ने 20 जुलाई को सऊदी जहाजों की नाकाबंदी शुरू की थी। इसके बाद से वे रेड सी में सऊदी से जुड़े 8 जहाजों पर हमला कर चुके है। इनमें एनसिलिया, लायला, गजल और वफा जैसे जहाज शामिल हैं।

यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से समुद्री कारोबार पहले ही दबाव में है। अब बाब अल-मंदेब में भी जहाजों पर हमले बढ़ रहे हैं। इससे शिपिंग कंपनियों की परेशानी और बढ़ गई है। हूती विद्रोही रेड सी से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

कश्मीरी पंडित मर्डर केस

36 साल बाद शिकंजा, कश्मीर के 9 जगहों पर एसआईए का छापा



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर में हुई कश्मीरी पंडितों की हत्याओं के मामलों में अब दोबारा जांच तेज हो गई है। 1990 में अनंतनाग में आतंकवादियों के हाथों मारे गए सर्वानंद कौल और उनके बेटे की हत्या के मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने प्रदेश के नौ ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई के बाद वर्षों से न्याय का इंतजार कर रहे पीड़ित परिवारों में उम्मीद जगी है। पुलिस अधिकारियों ने कश्मीर घाटी के आठ स्थानों और जम्मू के बागे बहू इलाके में छापेमारी की। यह मामला 1990 के उस दौर से जुड़ा है, जब घाटी में आतंकवाद बढ़ने के बाद कई कश्मीरी पंडित परिवारों को निशाना बनाया गया था। पुलिस अब पुराने मामलों की फाइलें खोलकर जांच आगे बढ़ा रही है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹116921/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹142800/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹155879/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur
*Condition apply

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

टाटा संस से अलग होंगे चंद्रशेखरन



नई दिल्ली। एन. चंद्रशेखरन फरवरी 2027 में मौजूदा कार्यकाल पूरा होने के बाद टाटा संस के चेयरमैन पद से हट जाएंगे इसके साथ ही टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा के साथ पुनर्नियुक्ति को लेकर लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध के बाद भारत के सबसे प्रभावशाली कारोबारी समूहों में से एक के शीर्ष पर उनका करीब एक दशक का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

20 फरवरी 2027 को पूरा हो रहा कार्यकाल

12th EDITION
हॉस्पिटालिटी, होटलवेयर, केटरिंग, टेन्ट डेकोरेशन, लाइट और SFX का महाकुंभ
AAKAR 2026
HORECA ASIA - 2026
HOSPITALITY ASIA
19-20-21-22 AUGUST 2026
INDIA EXPO MART, GREATER NOIDA
HALL NO. 1-3-5-7-9-10-11-12-14-15-16-17
TENT DECOR ASIA
SFX & Light EXPO

PLATINUM SPONSOR SUNDARAM DHARMESH TEXTILES
GOLD SPONSOR RAJ AIR COOLER, PADMAWATI GERMAN HANGER TENT
REGISTRATION SPONSOR SUNDARAM DHARMESH TEXTILES
EXHIBITION TIME : 10:00 AM TO 06:00 PM
1200+ STALLS
SCAN QR FOR REGISTRATION
ORGANISED BY AAKAR EXHIBITION
AAKAR EXHIBITION PVT LTD.
SUPPORTED BY
ATMANIRBHAR GLOBAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
All India Tent Dealers Welfare Organisation (Regd.) New Delhi

मुख्यमंत्री ने कहा- हरेली प्रकृति, पशुधन के सम्मान और खेती-किसानी के गौरव का पर्व

सीएम हाउस में सजा 'गांव', गेड़ी-बिल्लस जैसे खेल, खुरमी और ठेठरी की महक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली तिहार का उत्साह मुख्यमंत्री निवास, नवा रायपुर में भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधि-विधान से भगवान शिव, गौमाता और कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर प्रदेश में अच्छी वर्षा, भरपूर फसल, किसानों की समृद्धि और सभी परिवारों की सुख-खुशहाली की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित मंत्री, जनप्रतिनिधि, विभिन्न निगम-मंडल एवं आयोगों के पदाधिकारी, किसान और बड़ी संख्या में नागरिक इसके साक्षी बने।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हरेली छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति, प्रकृति और ग्रामीण जीवन के बीच आत्मीय रिश्ते का उत्सव है। यह पर्व हमें अपनी धरती, पशुधन, कृषि उपकरणों और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और प्रदेश की बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी से जुड़ी है। किसान की समृद्धि ही गांव और प्रदेश की खुशहाली का मजबूत आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा, हरेली के समय तक खेती के अनेक प्रमुख कार्य पूरे हो चुके होते हैं और किसान प्रकृति एवं अपने कृषि साधनों की पूजा कर अच्छे कृषि वर्ष की कामना करते हैं। यह परंपरा हमारे पुरखों की प्रकृति के प्रति गहरी समझ और सम्मान को दर्शाती है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, हरेली छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा महत्वपूर्ण लोक पर्व है। कृषि औजारों, गौमाता और प्रकृति की पूजा हमारी कृतज्ञता की संस्कृति को अभिव्यक्त करती है। कृषि मंत्री रामविचार ▶▶|शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर काम- डॉ. रमन





आधुनिक कृषि तकनीक से हुए रू-ब-रू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषि एवं अन्य विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के स्टॉल पर उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्रों की उपयोगिता और विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर के किसान इंद्र कुमार वर्मा को हार्वेस्टर पर मिलने वाली सब्सिडी के रूप में 16 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा से आत्मीय संवाद किया।

गेड़ी, बिल्लस, गोटी और बांटी ने ताजा की गांव की यादें

मुख्यमंत्री निवास को हरेली के अनुरूप पारंपरिक ग्रामीण अलंकरण से सजाया गया था। हरियाली और लोक सज्जा के बीच गेड़ी, बिल्लस, गोटी और बांटी जैसे पारंपरिक खेल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मांदर, ढोलक और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के बीच लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। ठेठरी, खुरमी सहित विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉलों ने आयोजन में पारंपरिक खानपान का रंग भरा।

पिंक ऑटो से पहुंचे मुख्यमंत्री

हरेली के उत्सव में मुख्यमंत्री पारंपरिक वेशभूषा धारण कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ महिला ऑटो चालक संगीता यादव के पिंक ऑटो में मुख्यमंत्री निवास परिसर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस अनूठे अंदाज ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

रायपुर निवास पर हरेली त्योहार का आयोजन

भूपेश चढ़े गेड़ी, कहा- 'हरेली हमारी आत्मा है'





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरी पारंपरिक छवि के साथ मनाया। अपने निवास पर उन्होंने हल, बैलगाड़ी, और कृषि उपकरणों की विधिपूर्वक पूजा की। साथ ही गेड़ी चढ़कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनका पूरा परिवार मौजूद रहा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गेड़ी चढ़ते हुए ग्रामीण संस्कृति को सम्मान देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'हरेली सिर्फ त्योहार नहीं, हमारी पहचान है।' यह हमारी कृषि परंपरा और ग्रामीण जीवन की आत्मा है। हमें इसे हर हाल में संजोकर रखना होगा। खेती किसानी से जुड़े इस त्योहार के दौरान सरकार की दुर्भावना के कारण आज प्रदेश के किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार के समय में इसे बढ़ावा देने का काम किया गया और छत्तीसगढ़ी परंपरा को देश-दुनिया में फैलाने का काम किया गया। उन्होंने कहा, जो सम्मान हमने हासिल किया था और जिस ऊंचाई को हमारे शासनकाल में हमने छुआ था, वह आज खत्म कर दिया गया है।

जेन-जी आंदोलन की तारीफ

श्री बघेल ने जेन जी आंदोलन की तारीफ करते हुए कहा, देश के लोकतंत्र के लिए यह बड़ा मोड़ है, जो काम दूसरे नहीं कर पाये उसे जेन जी ने कर दिया। उन्होंने राज्य और मोदी सरकार की नाकामियों पर भाजपा को घेरा और कहा, संसद में राहुल गांधी आम आदमी और युवाओं की आवाज उठा रहे है।

बस्तर जा रही मुंबई की बाइक राइडर रिद्धि ठक्कर की सड़क हादसे में मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ बाइक राइड पर निकली 23 युवतियों के समूह में शामिल 24 वर्षीय राइडर रिद्धि ठक्कर की जगतरा घाटी में सड़क हादसे में मौत हो गई। समूह में करीब 20 बाइक और एक कार शामिल थी। सभी रायपुर ▶▶|शेष पेज 7 पर

महापौर ने ली जानकारी

घटना की सूचना मिलने पर धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि उन्हें फोन से सूचना मिली थी कि मुंबई के कांदिवली वेस्ट निवासी रिद्धि ठक्कर का एक्सीडेंट हुआ है और मदद की जरूरत है।

वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

मृतका का शव जिला अस्पताल धमतरी लाया गया, जहां पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

झीरम हमले में अब फैसले की घड़ी, 31 तारीख तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बहुचर्चित झीरमघाटी हमला मामले में बीते 10 अगस्त से अभियोजन व बचाव पक्ष के बीच चल रही अंतिम बहस बुधवार को पूरी हो गई। दोनों पक्षों के अंतिम बहस के बाद न्यायालय ने फैसले को आरक्षित रखते हुए ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

27 की मौत 35 घायल

25 मई 2013 को माओवादियों ने झीरम घटना को तब अंजाम दिया था जब कांग्रेस की परिवर्तन रैली सुकमा से निकलकर झीरम घाटी से होकर गुजर रही थी। इस मामले में एनआईए की जांच रिपोर्ट में 27 लोगों की मौत और 35 लोगों के ▶▶|शेष पेज 7

जांच समिति ने लोकसभा-राज्यसभा में पेश की रिपोर्ट, कैश कांड में पूर्व जस्टिस वर्मा पर आरोप 'साबित'

अधजले नोटों का मालिक कौन, नहीं दे पाए जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से नकदी बरामद होने के मामले में लोकसभा द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित पाया है। समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में पेश की गई। समिति ने कहा कि वह संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। जस्टिस न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से कथित तौर पर नोटों की अधजली गड्डियां मिलने के मामले में उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही शुरू की गई थी। समिति ने कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा ▶▶|शेष पेज 7 पर



तीन आरोप, तीनों साबित

- स्टोर रूम में 500 रुपए के नोट मिलने पर संतोषजनक जवाब नहीं
- नकदी और उससे जुड़े साक्ष्यों को सुरक्षित रखने में गंभीर चूक
- संस्थागत जिम्मेदारी निभाने में चूक, जवाब से समिति असंतुष्ट

आखिर क्या है कैश कांड?

यह मामला मार्च 2025 में सामने आया था। दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के स्टोररूम में आग लगने के बाद वहां बड़ी मात्रा में 500 रुपए के नोट मिले। इसके बाद नकदी की मौजूदगी, उसके स्रोत और स्वामित्व को लेकर सवाल उठे। जस्टिस वर्मा ने नकदी से किसी भी तरह का संबंध होने से इंकार किया और सफाई दी। मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई।

महाभियोग चलाने का था प्रस्ताव

जुलाई 2025 में 200 से अधिक सांसदों ने न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने के लिए उनपर महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। अगस्त में बिरला ने आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायाधीश जांच समिति का गठन किया था। हालांकि, संसद द्वारा पद से हटाए जाने की आशंका के मद्देनजर न्यायमूर्ति वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई।

हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ सार्थक संवाद

जहां तिरंगा थामने पर हाथ काटे जाते थे, वहां अब हर हाथ में राष्ट्रीय ध्वज, गृहमंत्री बोले- यह बस्तर के भयमुक्त होने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कभी भय और आतंक का गढ़ रहे बस्तर में राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने तिरंगा यात्रा शुरू की है। इस मौके पर उन्होंने हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से यात्रा के संबंध में सार्थक संवाद कार्यक्रम में विस्तार से बातचीत की। इस यात्रा के संबंध में उन्होंने कहा- मैं सोचता हूं कि यह संदेश पर्याप्त है, इस बात को स्थापित करने के लिए कि बस्तर पूर्णतः भयमुक्त हो गया है। बस्तर के लोगों ने तो कई बार मुझसे कहा है कि हमको यह लगता है कि हम अभी आजाद हुए हैं। वस्तुतः अगर वह यह कह रहे हैं, तो आज 15 अगस्त ही है। वहीं, इस संवाद का हिस्सा बने वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में कभी तिरंगा थामने पर हाथ काट लिया जाता था। आज वहां हर हाथ तिरंगा थामने को बेताब है। यह बदलाव सुखद है। दोनों मंत्रियों से हुई बातचीत के संपादित अंश।

वन मंत्री केदार ने कहा- बदलाव सुखद अब हर हाथ तिरंगा थामने को बेताब



- ***एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं, क्यों?***
- **विजय शर्मा:** यह बस्तर तिरंगा यात्रा विशेष रूप से विष्णु देव जी की सरकार बनने के बाद पांच राष्ट्रीय पर्व आए थे। इन पांचों ही राष्ट्रीय पर्व में बस्तर में नए-नए स्थानों पर, नए-नए गांव पर जहां अब तक तिरंगा नहीं फहरा पाया था, तिरंगा फहराया गया और एक घोषणा की गई माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के द्वारा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल कैडर पूरी तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मार्गदर्शन रहा और उसके बाद 31 मार्च 2026 नियत समय तक नक्सल कैडर पूर्णतः खत्म हुआ। नक्सल कैडर समाप्त हो जाने के बाद यह पहला राष्ट्रीय पर्व है और इसलिए इस पहले राष्ट्रीय पर्व का बड़ा महत्व है।
- आप विधायक तो कवर्धा से हैं। 'हर घर तिरंगा' जो अभियान चल रहा है, अमूमन जितने भी जनप्रतिनिधि हैं, वे अपने-अपने क्षेत्रों में कर रहे हैं। मतलब जहां से वे निर्वाचित होते हैं। जनसंपर्क का भी एक वातावरण बनता है। यह कवर्धा क्षेत्र छोड़ बस्तर में क्यों घूम रहे हैं? ▶▶|शेष पेज 7 पर

रायपुर के तीन युवकों की हत्या, पांच को उम्रकैद, आरोपियों पर फेंकी चप्पलें

धमतरी के ग्राम भोयना के अन्नपूर्णा ढाबा के पास बीते वर्ष तीन लोगों की हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

राजधानी रायपुर के तीन युवकों की निर्ममतापूर्वक हत्या किए जाने के मामले में पांच आरोपियों को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। आजीवन कारावास से दंडित किए जाने के बाद जेल ले जाने के लिए न्यायालय से बाहर निकल रहे पांचों आरोपियों को देख मृतकों के परिजन बिफर गए। परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोपियों पर ▶▶|शेष पेज 7 पर



कोर्ट के बाहर मृतकों के परिजनों ने आरोपियों पर चप्पल फेंकी।

खास खबर

उम्रकैद नहीं फांसी मिले

हंगामे के दौरान मृतकों के परिजनों का कहना था कि उनके घर का चिराग बुझाने वाले आरोपियों को उम्रकैद नहीं फांसी की सजा होनी चाहिए। इसके लिए वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। अदालत के बाहर परिजनों का दुख व गुस्से का मंजर साफ तौर पर नजर आ रहा था।

इन आरोपियों पर हुआ दोष सिद्ध

न्यायालय में पर्याप्त साक्ष्य और सबूत के आधार पर आरोपी गोपी दीवान पिता प्यारी दीवान (20 वर्ष), गौतम दीवान पिता लक्ष्मण (22 वर्ष) दोनों ग्राम मथुराडीह थाना अर्जुनी निवासी, कुलेश्वर नेताम पिता चुरामण (25 वर्ष) ग्राम कोर्रा थाना भखारा, रणवीर साहू पिता गोपाल (20 वर्ष) ग्राम इर्रा थाना भखारा व आशुतोष ध्रुव पिता राजेन्द्र (19 वर्ष) आमापारा धमतरी निवासी पर दोष सिद्ध होना पाया। न्यायालय द्वारा पांचों वयस्क आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया।

चिंतन

कैश कांड : जजों की जवाबदेही भी तय हो

न्यायपालिका से जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा निष्पक्षता, पारदर्शिता और नैतिक विश्वसनीयता की होती है। ऐसे में किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने और उसके बाद सबूतों से कथित छेड़छाड़ के आरोपों का जांच समिति द्वारा सही पाया जाना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस यशवंत वर्मा मामले ने केवल यह सवाल उठाया कि नोटों से भरी बोरियां वहां कैसे पहुंचीं, बल्कि यह भी पूछा है कि आग के बाद महत्वपूर्ण सबूतों को सुरक्षित रखने में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। न्यायपालिका की गरिमा किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शी प्रक्रिया से मजबूत होती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से नकदी बरामद होने के मामले में लोकसभा द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए तीनों आरोपों को सही पाया है। समिति का कहना है कि न्यायमूर्ति वर्मा स्टोर रूम में मिली नकदी के स्रोत और स्वामित्व को लेकर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। उनकी सफाई को टालमटोल वाला और असंतोषजनक माना गया। रिपोर्ट का संसद में पेश होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मामला अब केवल न्यायपालिका के भीतर की जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सार्वजनिक जवाबदेही के दायरे में आ गया है। इस प्रकरण की सबसे विचलित करने वाली बात केवल नकदी का मिलना नहीं है। असली चिंता यह है कि इतनी गंभीर घटना के बाद घटनास्थल और वहां मौजूद सामग्री को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया इतनी कमजोर क्यों रही। किसी भी जांच में घटनास्थल के साक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। यदि वही सुरक्षित न रहें तो बाद की पूरी जांच पर सवाल उठने लगते हैं। इसलिए यह पता लगाना भी उतना ही जरूरी है कि सबूतों की सुरक्षा में चूक किस स्तर पर हुई और इसके लिए जवाबदेह कौन है। न्यायाधीशों को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, क्योंकि बिना स्वतंत्र न्यायपालिका के लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन स्वतंत्रता का अर्थ जवाबदेही से मुक्ति नहीं हो सकता। न्यायिक स्वतंत्रता और न्यायिक जवाबदेही एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस संस्था को सरकार, प्रशासन और नागरिकों के आचरण पर निर्णय देने का अधिकार है, उसके भीतर भी आचरण के उच्चतम मानक लागू होने चाहिए। न्यायमूर्ति वर्मा ने अप्रैल 2026 में इस्तीफा दे दिया था और इसके साथ उनके खिलाफ संसद से पदच्युत करने की प्रक्रिया व्यावहारिक रूप से निष्प्रभावी हो गई। लेकिन इस्तीफा किसी गंभीर आरोप पर सार्वजनिक जवाबदेही का अंत नहीं होना चाहिए। समिति ने आरोपों को साबित माना है, इसलिए अब सवाल यह है कि इसके बाद संस्थागत और कानूनी स्तर पर क्या कार्रवाई संभव है। इस मामले में राजनीति से ऊपर उठकर संस्थागत सुधार की जरूरत है। न्यायपालिका के खिलाफ आरोप लगे तो जांच न्यायपालिका की गरिमा बचाने के लिए होनी चाहिए, किसी व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं। इसी तरह संसद की भूमिका भी राजनीतिक प्रतिशोध से मुक्त और तथ्यों पर आधारित रहनी चाहिए। लोकतंत्र में संस्थाओं का सम्मान तभी कायम रहता है जब वे अपने भीतर उठे गंभीर सवालों का सामना करने का साहस दिखाती हैं। सबसे बड़ा नुकसान तब होता है जब जनता की यह धारणा बनने लगे कि आम नागरिक के लिए कानून की कठोरता और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए अलग कसौटी है। कुल मिलाकर न्याय की कुर्सी पर बैठे हर व्यक्ति की जवाबदेही तय होनी चाहिए।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

छात्र आंदोलनों में लोगों का दोहरा मापदंड

राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर जब देश भर के छात्रों की आवाज गूंज रही थी, तब पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और कथित रूप से प्रश्नपत्र के अवैध तरीके से सार्वजनिक होने को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई थी। उस समय दिल्ली में चले उस आंदोलन ने बहुत जल्द राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया था। सत्ता के गलियारों से सीधे और तीखे सवाल पूछे गए, शिक्षा व्यवस्था की पूरी जवाबदेही तय करने की मांग उठी और देश के भविष्य को लेकर बड़े और आदर्शवादी बयान सामने आए। उस आंदोलन के समर्थन में देश के कई नामी, प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चेहरे भी दिखाई दिए, जिन्होंने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का दावा किया।

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर जब देश भर के छात्रों की आवाज गूंज रही थी, तब पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और कथित रूप से प्रश्नपत्र के अवैध तरीके से सार्वजनिक होने को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई थी। उस समय दिल्ली में चले उस आंदोलन ने बहुत जल्द राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया था। सत्ता के गलियारों से सीधे और तीखे सवाल पूछे गए, शिक्षा व्यवस्था की पूरी जवाबदेही तय करने की मांग उठी और देश के भविष्य को लेकर बड़े और आदर्शवादी बयान सामने आए। उस आंदोलन के समर्थन में देश के कई नामी, प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चेहरे भी दिखाई दिए, जिन्होंने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का दावा किया।

समाचार पत्रों के मुख्य पृष्ठों से लेकर हर वैचारिक मंच पर केवल युवाओं के अधिकारों की बात हो रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो पूरा देश छात्रों के दर्द को अपना दर्द मान चुका है। लेकिन आज जब वही सवाल, वैसी ही विसंगतियां और वैसा ही दर्द रांची की सड़कों पर खुले आसमान के नीचे खड़ा है, तो वह राष्ट्रीय आक्रोश कहीं खोया हुआ सा लगता है। झारखंड की राजधानी रांची में राज्य लोक सेवा आयोग और राज्य कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्र बहुत लंबे समय से कड़ाके की ठंड और तमाम प्रशासनिक दुश्वारियों के बीच लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उनका यह संघर्ष 17 दिनों का लंबा सफर तय कर चुका है। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और छात्रों के बीच बातचीत के कई दौर भी आयोजित हुए हैं, लेकिन विवाद पूरी तरह से समाप्त नहीं हो सका है और छात्रों का गहरा असंतोष जस का तस बना हुआ है। झारखंड जैसे राज्य में जहां अधिकतर छात्र ग्रामीण और अत्यंत सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके लिए सरकारी नौकरी केवल रोजगार नहीं बल्कि पूरे परिवार के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का एकमात्र साधन होती है। ऐसे गंभीर समय में यह सवाल उठना पूरी तरह से स्वाभाविक है कि राजधानी दिल्ली में छात्रों के साथ हुए अन्याय पर अपनी आवाज बुलंद करने वाले वे तमाम नामी लोग और विचारक अब कहां छिपे हैं? क्या किसी छात्र की पीड़ा और उसका दर्द दिल्ली की सीमा समाप्त होते ही अचानक से कम हो जाता है? क्या परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता का सवाल केवल देश की राजधानी में ही अधिक महत्वपूर्ण होता है और रांची या किसी अन्य प्रांतीय शहर तक पहुंचते ही उसका महत्व पूरी तरह से शून्य हो जाता है? यह एक ऐसा कड़वा विरोधाभास है जो हमारी बौद्धिक और सामाजिक चेतना पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रसिद्ध अभिनेता पीयूष मिश्रा ने रांची पहुंचकर इस पूरी बहस को एक नई और अत्यंत तीखी धार दे दी है। उन्होंने रांची में आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच जाकर न केवल उनका खुला समर्थन किया, बल्कि दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एक पुरानी टिप्पणी के संदर्भ में बहुत ही तीखा कटाक्ष भी किया। अभिनेता की भाषा, उनके तेवर और उनके शब्दों के चयन पर अलग से एक लंबी बहस हो सकती है और शायद एक स्वस्थ व लोकतांत्रिक समाज में यह बहस होनी भी चाहिए। लेकिन उन्होंने जिस मूल सवाल को पूरे देश के सामने लाकर खड़ा कर दिया है, उसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब यह सवाल केवल इस बात तक सीमित नहीं रह गया है कि



कौन सा अभिनेता या कौन सा प्रसिद्ध चेहरा किस वैचारिक गुट के साथ खड़ा है। असल और सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश में छात्र आंदोलन भी अब केवल किसी राजनीतिक सुविधा का विषय बन गए हैं? क्या अब केवल यह देखा जाएगा कि सत्ता के सिंहासन पर कौन बैठा है और उसी के आधार पर यह तय होगा कि किस राज्य के छात्र के लिए आंसू बहाने हैं और किस राज्य के छात्र को उसके हाल पर बेसहारा छोड़ देना है?

जब दिल्ली में आंदोलन सत्ता के शीर्ष केंद्र के ठीक सामने हो रहा था, तब उसकी गूंज राष्ट्रीय समाचार माध्यमों तक बहुत आसानी से और तेज गति से पहुंच गई थी। हर तरफ निरंतर चर्चा हो रही थी। हमें यह बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए कि रांची के छात्र भी इसी देश के उतने ही महत्वपूर्ण नागरिक हैं। वे भी अपने जीवन के कई बहुमूल्य वर्ष छोटी-छोटी कोठरियों में बंद रहकर पढ़ाई करते हुए गुजारते हैं। वे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपना खून पसीना एक करते हैं। उनके माता पिता भी अपनी गाढ़ी कमाई का एक-एक पैसा और कई बार तो कर्ज लेकर भी, अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में लगाते हैं। यदि उन्हें अपनी परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार, पक्षपात या धांधली दिखाई देती है, तो उनके सवालों का और उनके आक्रोश का महत्व दिल्ली के छात्रों के आक्रोश से एक प्रतिशत भी कम कैसे आंका जा सकता है? अन्याय का पैमाना भौगोलिक स्थान के आधार पर नहीं बदला जा सकता। यहां दिल्ली के आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संगठन और उसके संयोजक अभिजीत दिपके को लेकर भी कई सामाजिक मंचों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कुछ आलोचकों का कहना है कि वे रांची के मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। फिर भी एक बहुत बड़ा और समाज को चुभने वाला प्रश्न हमारे सामने खड़ा रहता है। केवल किसी आंदोलन की तीव्रता में अंतर होने या किसी प्रसिद्ध चेहरे की अनुपस्थिति को सीधे तौर पर किसी बड़े षड्यंत्र का अकाट्य प्रमाण मान लेना सर्वथा अनुचित होगा। लोकतांत्रिक विमर्श में किसी की नीयत पर संदेह अवश्य किया जा सकता है, व्यवस्था से कड़े सवाल भी पूछे जा सकते हैं, लेकिन अंतिम निष्कर्ष हमेशा तथ्यों और ठोस सबूतों के आधार पर ही निकाला जाना चाहिए। छात्रों का दर्द न तो किसी सत्ताधारी दल की बपौती हो सकता है, न ही किसी विपक्षी दल की जागीर है और न ही किसी अन्य क्षेत्रीय दल का राजनीतिक हथियार हो सकता है। यह विशुद्ध रूप से भारत के युवाओं का और देश के भविष्य का दर्द है। परीक्षा चाहे राष्ट्रीय स्तर की हो या राज्य स्तर की, न्याय की गुहार और अन्याय का पैमाना पूरे देश में एक समान होना चाहिए। किसी भी युवा के साथ उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसलिए आज यह सवाल उन तमाम नामी हस्तियों, साहित्यकारों, अभिनेताओं और विचारकों से भी है जो दिल्ली में छात्रों की बुलंद आवाज बन रहे थे।

यह सवाल उन सभी राजनीतिक शक्तियों से भी है जो अपनी सुविधा और अपने चुनावी गणित के अनुसार छात्र आंदोलनों को अपना समर्थन देते हुए दिखाई देते हैं। देश के छात्रों को किसी के उपकार या झूठी सहानुभूति की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल एक निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली, एक पारदर्शी व्यवस्था तथा अपने भविष्य के प्रति सच्चा न्याय चाहिए। यदि कोई आंदोलन सचमुच छात्रों के कल्याण के लिए है, तो उसकी अग्नि का ताप देश की राजधानी दिल्ली से लेकर झारखंड की राजधानी रांची तक बिल्कुल एक समान होना चाहिए। वरना आने वाली पीढ़ियां इतिहास के पन्नों में यही सवाल पूछेंगी कि क्या उस दौर में उठी आवाजें वास्तव में छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए थी, या फिर वे केवल किसी खास राजनीतिक मौसम का फायदा उठाने के लिए रची गई एक सुविधाजनक पटकथा का हिस्सा मात्र थीं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

कार्यवाही
ओ.पी. पाल



असहमति के शोर में गुम होती संसदीय मर्यादा

भारतीय लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर 'संसद' जनता की समस्याओं, राष्ट्रीय नीतियों और भावी कानूनों पर तर्कसंगत बहस का केंद्र माना जाता है। मसलन, संसद केवल कानून बनाने की मशीन नहीं है, बल्कि यह देश की सामूहिक चेतना और आकांक्षाओं का दर्पण है। संसद के वर्तमान मानसून सत्र में जो दृश्य सामने आ रहा है, वह विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। सत्र के पहले ही दिन से विपक्षी दलों द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय व राजनीतिक मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया जा रहा है। सदन के भीतर नारेबाजी और वेल (सदन के बीचों-बीच) में आकर तख्तियां दिखाने से लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा से लेकर नए भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन करना विपक्ष की रोजाना की दिनचर्या देखी जा रही है। यह भारतीय लोकतंत्र और जनता के प्रति जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही की दृष्टि से शुभ संकेत नहीं हैं। संसद के मानसून सत्र में बीते दो हफ्ते की तरह तीसरे सप्ताह की कार्यवाही के दौरान भी जिस तरह हंगामे के बीच बिना बहस के विधेयक पारित हो रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र में विधायी कार्य और जवाबदेही का गहराता संकट पैदा करता नजर आ रहा है। यह सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर है, तो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के पास अपनी जिम्मेदारी निभाने का आखिरी अवसर है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक और आवश्यक है, लेकिन असहमति को प्रकट करने का जरिया 'संसदीय संवाद' होना चाहिए, 'संसदीय गतिरोध' नहीं। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपनी राजनीतिक रणनीतियों से ऊपर उठकर देश के विधायी और लोकतांत्रिक हितों को प्राथमिकता दें। यद्यपि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर नियम-नियमावली के तहत चर्चा कराने को तैयार है, वहीं विपक्ष का कहना है कि उनकी प्राथमिक मांगों पर तुरंत और बिना शर्त बहस कराई जाए। इस गतिरोध के बीच सबसे बड़ा नुकसान देश के उस विधायी ढांचे का हो रहा है, जिसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों को सौंपी गई है। संसद में विपक्ष की ओर से जारी व्यवधान के बीच केंद्र सरकार ने भी विधायी कामकाज निपटाने के लिए एक आक्रामक और व्यावहारिक रणनीति अपनाई है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हंगामे के कारण विधायी एजेंडे को रुकने नहीं देगी। नतीजतन, शोर-शराबे और तख्तियों की आड़ में ही कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के दोनों सदनों से पारित कराए जा चुके हैं। पीठासीन अधिकारियों (लोक सभा अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति) द्वारा बार-बार सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और बिलों पर चर्चा में भाग लेने की अपील की गई। इसके बावजूद, जब विपक्षी दल चर्चा में शामिल होने के बजाय वाकआउट (सदन का बहिष्कार) करने या नारेबाजी जारी रखने का विकल्प चुनते हैं, तो सरकार ध्वनिमत के जरिए विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसदीय कार्यप्रणाली के दृष्टिकोण से यह स्थिति चिंताजनक है। जब कोई विधेयक बिना बहस के कानून का रूप लेता है, तो उसमें रह जाने वाली व्यावहारिक कमियों या खामियों पर विचार करने का अवसर समाप्त हो जाता है। प्रश्नकाल के दौरान सांसद अपने क्षेत्रों की समस्याओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था, रक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े तारांकित और अतारांकित प्रश्न पूछते हैं। चालू मानसून सत्र में लगातार व्यवधान के कारण अधिकांश दिनों में प्रश्नकाल शुरू होते ही स्थगित करना पड़ा या शोर-शराबे में डूब गया। इससे मंत्रियों से सीधे तीखे सवाल पूछने का जनता का अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से छिन गया। सदन के लगातार बाधित रहने से न तो देश के ज्वलंत मुद्दों पर बात हो पा रही है और न ही दूर-दराज के क्षेत्रों के आम नागरिकों की आवाज दिल्ली तक पहुंच पा रही है। अब जब मानसून सत्र अपनी समाप्ति की ओर है, तब यह सवाल सबसे बड़ा है कि क्या बाकी बचे समय का उपयोग देशहित में किया जा सकता है? आगे की राह को आसान बनाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों को अपने अड़ियल रुख से पीछे हटना होगा। सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष की मुख्य मांगों पर किसी बीच के रास्ते या विशेष नियम के तहत चर्चा कराने का औपचारिक आश्वासन दे। वहीं, विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि सदन को ठप रखने से किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता। अब, जो भी महत्वपूर्ण विधेयक पटल पर रखे जाने हैं, उन पर कम से कम संक्षिप्त बहस अवश्य कराई जाए। विपक्ष को वाकआउट करने के बजाय सदन में रहकर अपने संशोधन दर्ज कराने चाहिए और सरकार को भी विपक्ष के जायज सुझावों को शामिल करने का बड़प्पन दिखाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

युवाओं की देश-समाज के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका

12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सारी दुनिया युवा शक्ति को पहचानती है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने तो वर्ष 1985 को अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया था। वर्ष 1998 के विश्व सम्मेलन में विभिन्न मंत्रियों के समूह के सुझावों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर 1999 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। पहला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस साल 2000 में मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं की मुख्य भागीदारी पर विचार विमर्श करना है। अगर हम अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कहानियों और इतिहास को पढ़ें तो हमें पता चलेगा कि देश को स्वतंत्र करवाने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं की भूमिका को स्वीकार करने का समय आ गया है। *-मनोज जोशी, रायपुर*

ट्रेंड

सीबीएसई की शिक्षा



सीबीएसई स्कूल शुरू करने में कई चुनौतियाँ थीं, लेकिन हमने हर चुनौती को एक मौके में बदल दिया और 150 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ा। आज, 24,000 बच्चे सीबीएसई स्कूलों में दाखिला ले चुके हैं। अब, उन्हें सिर्फ 2,000 रुपये में सीबीएसई की शिक्षा मिल रही है।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

तिरंगे की कहानी



आजादी की लड़ाई के संकल्प से लेकर 140 करोड़ भारतीयों के गर्व तक, भारत की पूरी गाथा तिरंगे में बुनी हुई है। बलिदान, वीरता, एकता और देश को सर्वोपरि रखने के अटूट संकल्प की गाथा। यह हमारे तिरंगे की कहानी है...
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

एनसीडीसी बिल



नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (संशोधन) बिल, 2026, गृह मंत्री अमित शाह के नाम से पेश किया जा रहा है, जो लगातार सदन से अनुपस्थित रहे हैं। आपको उन्हें तुरंत सदन में बुलाना चाहिए।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

समुदाय पर निर्भर



कोई व्यक्ति चाहे कितना भी काबिल क्यों न हो, वह अकेले नहीं रह सकता। हम उस समुदाय पर निर्भर होते हैं जिसमें हम रहते हैं। दूसरों की भलाई के लिए खुद को समर्पित करके, हम असल में अपना ही भला करते हैं।
- दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे



अमेरिका के दो राज्यों, न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत की यात्रा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को मान्यता देने के लिए 15 अगस्त को उसके स्वतंत्रता दिवस को मनाने की घोषणा की है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने 15 अगस्त 2026 को पूरे राज्य में भारत का स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की। वहीं, न्यू जर्सी की गर्वनर मिकी शेरिल ने भी इसी तरह की घोषणा की है। न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये घोषणाएं भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोहों से पहले की गई हैं और इनमें भारत की स्वतंत्रता यात्रा तथा भारत और अमेरिका के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को रेखांकित किया गया है। दोनों पड़ोसी राज्यों न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में अमेरिका के सबसे बड़े और प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य रहते हैं। दोनों राज्यों द्वारा जारी बयान के मुताबिक भारतवंशी व्यापार, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

ऑफ बीट

धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

स्टार किट होने के बावजूद अभिनय से बनाई पहचान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने 12 अगस्त को अपना 31वां जन्मदिन मनाई। एक्ट्रेस इंडस्ट्री में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं।



एक समय ऐसा था, जब सारा अली खान का वजन काफी ज्यादा था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और जज्बे से अपने वेट कम किया। मुंबई में 12 अगस्त 1995 को सारा अली खान का जन्म हुआ था। उनके बचपन का नाम सारा सुल्तान था और बाद में प्रोफेशनल नाम बदलकर सारा अली खान कर लिया। इनके पिता का नाम सैफ अली खान है, जो कि एक जाने-माने अभिनेता हैं। वहीं मां का नाम अमृता सिंह है और वह भी एक अभिनेत्री हैं। सारा एक चर्चित और राजसी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। सारा ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साल 2018 से की थी। उनकी पहली फिल्म 'केदारनाथ' थी। इसमें सारा के अपोजिट सुशांत सिंह राजपूत थे। इस फिल्म में शानदार अभिनय के लिए सारा को बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस के रूप में फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था।

100 से ज्यादा बार हुई थी टेलीकास्ट, 15 अगस्त पर आती थी मूवी

मनोज कुमार की देशभक्ति फिल्म का दूरदर्शन पर रहा था कब्जा

नई दिल्ली। कुछ दिन बाद पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया जाएगा। एक वक्त हुआ करता था, जब 15 अगस्त के अवसर पर दूरदर्शन टीवी चैनल पर देशभक्ति फिल्में और गानों का धूम देखने को मिलती थी। इस मामले में वेटरन एक्टर रहे मनोज कुमार की एक देशभक्ति फिल्म ऐसी भी थी, जो हर साल इस खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए प्रसारित की जाती थी। आलम ये रहा था कि मनोज कुमार की वह 59 साल पुरानी 100 से अधिक पर डीडी नेशनल पर दिखाई गई। ऐसे में आइए जानते हैं कि यहां कौन सी कल्ट क्लासिक देशभक्ति फिल्म की बात की जा रही है।

1967 में रिलीज हुई थी फिल्म

साल 1967 में मनोज कुमार स्टारर फिल्म उपकार को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी, जिसका डायरेक्शन खुद मनोज ने ही किया था। फिल्म की कहानी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री का प्रचलित नारा जय जवान जय किसान को परिभाषित करती है। दो सगे भाइयों की भावुक स्टोरी और उस पर देशभक्ति का मसाला उपकार को एक कंप्लीट फिल्म बनाता है। आपको बता दें कि मनोज कुमार कि उपकार को दूरदर्शन पर सौ से अधिक पर प्रसारित किया जा चुका है और खासतौर पर जब भी स्वतंत्रता या गणतंत्र दिवस के माहौल में ये मूवी हर साल बार-बार डीडी नेशनल पर दिखाई जाती थी। हालांकि, इसके टेलीकास्ट डिटेल्स को लेकर एक फिक्स आंकड़ा मौजूद नहीं है।



कालजयी है उपकार का गाना

फिल्म उपकार अपने समय की सबसे सफल मूवीज में से एक है। लेकिन, इसका एक देशभक्ति गीत रिलीज के 59 साल बाद भी हर भारतवासी की जुबां पर बना रहता है, जिसके बोल हैं- मेरे देश की धरती...। मनोज का ये गाना आज भी कालजयी माना जाता है।

कल्ट क्लासिक फिल्म

अभिनेता मनोज कुमार हिंदी सिनेमा के एकमात्र ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने देशभक्ति फिल्मों का चलन बढ़ाया था। इसी कारण सिनेमाई जगत में उन्हें भारत कुमार नाम से भी जाना जाता था। यूं तो मनोज साहब ने अपने एक्टिंग करियर में एक से बढ़कर एक देशभक्ति फिल्म से दर्शकों का मनोरंजन किया था, लेकिन उनकी सबसे यादगार देशभक्ति मूवी के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें उपकार फिल्म का नाम जरूर शामिल होगा।

अब दुनिया के सबसे बड़े मंच पर मैं भारत का नाम लेकर खड़ी होऊंगी।

मिस वर्ल्ड 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी निकिता

नई दिल्ली। मिस वर्ल्ड का मंच जितना चमकदार नजर आता है, वहां तक पहुंचने का सफर उतना ही कठिन होता है। इसके पीछे महीनों की तैयारी, अनुशासन और लगातार खुद को बेहतर बनाने की चुनौती छिपी होती है। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल इन दिनों इसी तैयारी में जुटी हैं। कभी सुबह जल्दी उठने से बचने वाली निकिता आज कई बार रात के दो बजे मेकअप शुरू करती हैं और सुबह चार बजे तक तैयार हो जाती हैं। उनका कहना है कि देश का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी ने उनकी पूरी दिनचर्या बदल दी है। निकिता के लिए फेमिना मिस इंडिया का ताज किसी निजी उपलब्धि से कहीं बढ़कर था। वह कहती हैं, 'बहुत खुशी हुई, क्योंकि हमेशा से सपना था कि जिंदगी में कुछ ऐसा करूं, जहां मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। जब फेमिना मिस इंडिया का ताज मेरे सिर पर सजा, तो सबसे पहला ख्याल यही आया कि अब मुझे मिस वर्ल्ड में अपने देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिलेगा। मेरे लिए वही सबसे बड़ा एहसास था। ताज जीतने की खुशी अपनी जगह थी, लेकिन उससे भी बड़ी खुशी यह थी कि अब दुनिया के सबसे बड़े मंच पर मैं भारत का नाम लेकर खड़ी होऊंगी।'मिस वर्ल्ड की तैयारियों को लेकर निकिता कहती हैं कि इस सफर का सबसे अहम हिस्सा लगातार एक जैसी मेहनत करते रहना है। 'देखिए, कोई एक जादुई चीज नहीं होती। मिस वर्ल्ड की पूरी तैयारी कंसिस्टेंसी पर टिकी होती है। हर दिन वही रूटीन... वही मेहनत... वही डेडिकेशन। एक-दो दिन नहीं, बल्कि महीनों तक। यही सबसे मुश्किल हिस्सा है। लोग बाहर से सिर्फ रैंप वॉक और खूबसूरत गाउन देखते हैं, लेकिन उसके पीछे रोज खुद को उसी अनुशासन के साथ दोबारा तैयार करना पड़ता है।



हैवान का टीजर रिलीज, खलनायक बन खिलाड़ी ने किया खेला

मुंबई। 'हैवान' का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर जारी किया है। इसके साथ एक्टर ने कैप्शन लिखा है, 'वह खतरे को सुनता है। मैं ही खतरा हूं। अब जीत किसकी होगी? हीरो या हैवान'? यह फिल्म 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'हैवान' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। टीजर में देखा जा सकता है कि सैफ अली खान दिव्यांग की भूमिका में हैं। वे दृष्टिबाधित हैं और छड़ी लेकर चल रहे हैं। खून से लथपथ एक हाथ नजर आता है, मानो कोई मदद के लिए पुकार रहा हो। अक्षय कुमार बेफिक्र से फुटबॉल से खेलते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में उनका क्रूरतम रूप देखने को मिलेगा। टीजर में कोई संवाद नहीं है। सिर्फ एक खौफनाक सी ट्यून है। सैफ अली खान और अक्षय कुमार की झलक है। बता दें कि फिल्म 'हैवान' के जरिए अक्षय और सैफ अली खान करीब 18 साल बाद एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले इनकी जोड़ी को फिल्म 'टशन' में देखा गया था। इस फिल्म में बोमन ईरानी, सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।



टॉक्सिक से नहीं होगी ईठा का टक्कर

मुंबई। फिल्म उड़ता तीर से आयुष्मान खुराना और सारा अली खान एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह एक स्पाई-कॉमेडी फिल्म है जो 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन आकाश ए. कौशिक ने किया है। वहीं, फिल्म में निर्माताओं की लंबी लिस्ट है। फिल्म पहले मेकर्स फिल्म को सितंबर में रिलीज करने की योजना बना रहे थे। अब यह फिल्म अक्टूबर में रिलीज होगी। श्रद्धा कपूर की बहुप्रतिक्षित फिल्म ईठा लावणी साम्रज्ञी विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। पहले यह फिल्म इसी महीने 28 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, जहां इसकी टक्कर 26 अगस्त को रिलीज होने जा रही मल्टीस्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' से होती। अब मेकर्स ने इसे 4 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है।



न मार्क्स, न प्यार, मिला तो सिर्फ हार्टब्रेक! प्रेम कीटाणु का फर्स्ट लुक आउट

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नए विषयों पर फिल्में अक्सर बनती रहती हैं। अब जल्द ही एक ऐसी ही फिल्म आ रही है, जिसका टाइटल काफी निराला और अलग है। इस फिल्म का नाम है 'प्रेम कीटाणु'। जी हां, हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिवील किया गया है और इस फिल्म में कई सितारे नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रेम कीटाणु का हाल ही में ऐलान किया गया है। फिल्म का टाइटल पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म में नजर आने वाले सितारों की लिस्ट भी सामने आ गई है। फिल्म में वीर पहाड़िया, आफिया सैयद, अपारशक्ति खुराना, राकेश बेदी और निखिल विजय नजर आएंगे। वीर पहाड़िया को आपने इससे पहले 'स्काई फोर्स' में देखा होगा, जिसमें वह अक्षय कुमार और सारा अली खान के साथ दिखे थे। अब वीर को एक नई फिल्म मिली है, जिसमें उनके साथ अपारशक्ति खुराना भी दिखेंगे।



क्या है फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी काफी मजेदार होने वाली है। फिल्म के टाइटल से ही समझ आ रहा है कि फिल्म में भरपूर मनोरंजन देखने को मिलेगा। फिल्म में उन लड़कों की कहानी है, जिनको कॉलेज में न मार्क्स मिले, न उम्मीद, न प्यार, कुछ मिला तो सिर्फ दोस्त और खूब सारे हार्टब्रेक्स। मतलब प्यार और परीक्षा के बीच अटके इन लड़कों की जिंदगी में और कौन सी मुश्किलें आएंगीं, यही इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म आज के युवाओं और उनकी जिंदगी, महत्वाकांक्षाओं और प्यार से जुड़े संघर्षों को मजेदार और बेहद सहज अंदाज में पेश करती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
BAJAJ GENERAL
अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाईये बजाज जनरल इंश्योरेंस के साथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ
बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026

अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें
धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

ऋणी कृषक: ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-Out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
- बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।

अऋणी कृषक: अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।

स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
FARMITRA

बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व में बजाज आलियंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में नाम रखा गया), बजाज इंश्योरेंस हाउस, एयरपोर्ट रोड, येरवडा, पुणे - 411006 । आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: 113 • सीआईएन: U66010PN2000PLC016329 • यूआईएन: IRDAN113CPC001V02201617 (पीएमएफबीवाय) • www.bajajgeneralinsurance.com • टोल फ्री नंबर: टेल्स - 1800 209 0144 / सर्विस - 1800 209 5858 • अधिक जानकारी के लिए लोकिन कारक, विषय और शर्तों को जानने के लिए कृपया विवरणिका पढ़ें, यह सुनिश्चित करने से पहले । BGI-O-1092/08-07-2026
लोगो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय), छत्तीसगढ़ शासन, फार्ममित्र चैटिंगली बोर्ड एक विवरणात्मक लोगो है, जिसका उपयोग उत्पाद के उद्देश्य को प्रतिष्ठानित करने और सरलीकृत करने के लिए किया जाता है, और यह कंपनी का व्यापार लोगो नहीं है।

टीवी मसाला



अखाड़ा, जंग और वरदान, बिग बॉस 20 की थीम का खुलासा

नई दिल्ली। ड्रामा और इमोशंस से भरपूर रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ दस्तक देने वाला है। बुधवार को इसका ट्रेलर जारी हुआ है। इसमें सलमान खान शो में सामने आने वाली चुनौतियों और ट्विस्ट का जिक्र करते दिखे हैं। वे 'तथास-टू' बोलते हुए सबसे बड़े ट्विस्ट का खुलासा करते हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का ट्रेलर जियो हॉटस्टार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। वीडियो के शुरुआत में, दर्शकों से खचाखच भरा अखाड़ा है, योद्धा दो-दो हाथ कर रहे हैं। एक योद्धा पस्त हो जाता है। तभी घोड़ा को लेकर सलमान खान अखाड़े में एंट्री लेते हैं और चारों खाने चित्त योद्धा को 'तथास-टू' बोलते हुए उठने को कहते हैं। इसी के साथ सलमान खान खुलासा करते हैं कि इस बार गेम में हर प्रतिभागी को दो मौके मिलेंगे। शो में दो जीवनदान का वरदान दिया जाएगा। शो का नया ट्विस्ट इशारा करता है कि इस बार बिग बॉस के घर में हर फैसला पहले से कहीं ज्यादा मायने रखेगा और हर कंटेस्टेंट को अपने गेम को एक नए अंदाज में खेलने की चुनौती मिलेगी। कंटेस्टेंट्स को एक अतिरिक्त मौका तो मिलेगा, लेकिन यह जीवनदान कब और कैसे काम आएगा, यह इस सीजन के सबसे बड़े रहस्यों में से एक है। यह भी साफ है कि इस बार सेफ खेलने का कोई चांस नहीं है। 'बिग बॉस 20' की शुरुआत 06 सितंबर से होगी। यह कलर्स पर प्रसारित होगा।


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
इस स्वतंत्रता दिवस
कार लेना हुआ आसान।
सिर्फ ₹59 प्रतिदिन# की आसान किश्तो में।
CELEBRATING 60 Lakh+ STORIES OF TRUST
आसान फाइनेंस विकल्प* उपलब्ध हैं।
True Value ऐप यहाँ डाउनलोड करें।
ट्रस्ट
वेरिफाइड कार हिस्ट्री**
3 फ्री सर्विसेज** 5000++ से अधिक मारुति सुजुकी सर्विस स्टेशनों पर उपलब्ध
क्वालिटी
376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
1 साल तक की वारंटी**
TRUE VALUE CERTIFIED
पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
RAIPUR: AVANTI VIHAR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | RAJNANDGAON: NH56 GRAM MANKI, SPARSH AUTOMOBILES: 7828229587,7701004359 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.
*नियम एवं शर्तें लागू। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया निकटतम डीलरशिप पर संपर्क करें। **वेरिफाइड कार हिस्ट्री और वारंटी केवल ट्रू वैल्यू प्रमाणित कारों पर लागू। निःशुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। दर्शाई गई छवियाँ केवल प्रतिनिधिक उद्देश्य के लिए हैं। #ऋण राशि ₹1 00 000 मानी गई है। ऋण की अवधि 84 महीने @ ROI 11% वार्षिक ब्याज दर पर ली गई है। डाउन पेमेंट कार के मूल्य के अनुसार भिन्न हो सकती है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है। फाइनेंस पूरी तरह बैंक या वित्तीय संस्था की मंजूरी पर निर्भर है और ग्राहक प्रोफाइल के अनुसार बदल सकता है।

आज के दौर में बड़ी समस्याएं ही नहीं छोटी-छोटी बातों से भी लोग तनाव में रहते हैं। इसे माइक्रो स्ट्रेस कहते हैं। मेंटली हेल्दी-हैप्पी रहने के लिए इनको जानना और इनसे बचना बहुत जरूरी है।

माइक्रो स्ट्रेस से ऐसे बचें रहें मेंटली हेल्दी-हैप्पी

मेंटल हेल्थ
ललिता गोयल



आजकल स्ट्रेस सबकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया है। डेली रुटीन की सुबह से लेकर शाम तक होने वाली छोटी-छोटी परेशानियां जिन पर हम अकसर ध्यान भी नहीं देते, इन छोटे-छोटे स्ट्रेस को माइक्रो स्ट्रेस कहते हैं।

तन-मन पर पड़े बुरा असरः माइक्रो स्ट्रेस बहुत चुपके से जिंदगी में दाखिल होता है और अंदर ही अंदर मेंटली बीमार करता रहता है। जैसे किसी छोटी-सी बात पर किसी से बहस हो जाना, ऑफिस में जरूरी मीटिंग में प्रेजेंटेशन वाला स्ट्रेस, बहुत सारे काम एक साथ मैनेज न कर पाने पर कॉन्फिडेंस की कमी महसूस करना, अपनों को समय न दे पाने का प्रेशर। ये बातें देखने में छोटी लगती हैं, लेकिन इन छोटे-छोटे स्ट्रेस का मन और शरीर पर बड़ा असर होता है। हर समय थकान, चिड़चिड़ापन होने लगता है और अगर इस पर ध्यान न दिया गया तो माइक्रो स्ट्रेस गंभीर रूप ले सकता है।

माइक्रो स्ट्रेस के प्रकारः कुछ ऐसी बातों से माइक्रो स्ट्रेस हो सकता है। जैसे-सुबह ऑफिस के लिए निकलते समय गाड़ी की चाबी का न मिलना। वॉट्सएप पर किसी का मैसेज देखकर तुरंत जवाब देने का दबाव महसूस होना। ट्रैफिक जाम में फंस जाना। काम के बीच अचानक और कोई नया काम आ जाना। अचानक कहीं से आए इनविटेशन पर जाने का प्रेशर। काम की छोटी-छोटी डेड लाइंस का प्रेशर। परिवार या कलीग्स से छोटी बातों पर बहस। हर समय अवेलेबल रहने की उम्मीद रखना। देखने में ये बातें इतनी छोटी होती हैं कि इन पर गुस्सा या दुःख जाहिर नहीं कर पाते, लेकिन ये माइक्रो स्ट्रेसर्स शरीर के कॉर्टिसोल स्ट्रेस हार्मोन को निरंतर बढ़ाते हैं, जिससे धीरे-धीरे फोकस में कमी और मूड स्विंग्स होने लगते हैं और ओवरऑल हेल्थ इफेक्ट होती है।



प्रमुख लक्षणः माइक्रो स्ट्रेस की स्थिति में व्यक्ति दिनभर की छोटी-छोटी बातों को सोचता रहता है, जिसके कारण उसे आराम नहीं मिल पाता और उसकी सेहत पर नेगेटिव असर होता है। इस वजह से व्यक्ति में चिंता, बेचैनी, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, थकान, उदासी, फोकस की कमी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, अनिद्रा, इम्यूनिटी वीक होने लगती है।

इन्हें है ज्यादा रिस्कः सेंसिटिव लोगों को माइक्रो स्ट्रेस का जोखिम ज्यादा रहता है। एजुकेशन और हेल्थ केयर से जुड़े लोग या कॉर्पोरेट एंप्लॉई या फिर हर काम में परफेक्शन की चाह रखने वाले लोगों में माइक्रो स्ट्रेस का रिस्क ज्यादा दिखाई देता है। कुछ केसेज में पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस न होना, हॉबीज के लिए समय न मिल पाना, मोबाइल या लैपटॉप का ज्यादा इस्तेमाल, खुद से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, हर काम को परफेक्ट करने की कोशिश करना, परिवार या दोस्तों के लिए समय की कमी, हर वक्त नोटिफिकेशन रिंग से डिस्टर्ब होना भी माइक्रो स्ट्रेस को बढ़ाने का कारण बन सकती है।

कंट्रोल करने के तरीकेः माइक्रो स्ट्रेस को कंट्रोल करना आसान है लेकिन इसके लिए पहले उन बातों को पहचानने की जरूरत होती है जो बातें रोज की जिंदगी में बार-बार परेशान कर रही हैं। जब भी अचानक बिना किसी बड़ी वजह के उदासी या गुस्सा आए, तो दो मिनट रुकें और खुद से पूछें कि सुबह से ऐसी कौन-सी छोटी-छोटी बातें हुईं, जिनसे मूड खराब हुआ। जब आप समस्या को पहचान लेते हैं, तो दिमाग शांत होने लगता है रोजाना की आदतों और लाइफस्टाइल में बदलाव करके माइक्रो स्ट्रेस को कंट्रोल किया जा सकता है। जो काम करना संभव न हो उसके लिए 'ना' कहें। काम के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लें, सुबह-शाम खुली हवा में वॉक करें। स्क्रीन टाइम लिमिट करें। बार-बार फोन चेक करने की आदत को कम करें। दिन में कुछ समय डिजिटल डिटॉक्स के लिए निकालें। मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें। छोटी-छोटी खुशियों जैसे पसंदीदा संगीत सुनना, चाय की चुस्की लेने जैसी हैबिट को अपनी लाइफ में जगह दें। परिवार और दोस्तों से जुड़े रहें। स्ट्रेस को ज्यादा समय तक मन में न रखें। पर्याप्त नींद लें। *

(साइकोलॉजिस्ट मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. नीलम अत्रि
नेत्र रोग विशेषज्ञ, श्रॉफ आई सेंटर, दिल्ली

हमारे शरीर की बहुत कोमल और महत्वपूर्ण अंग होती हैं आंखें। लेकिन अकसर देखने में आता है कि लोग आइज हेल्थ को लेकर ज्यादा सजग नहीं होते हैं। इसीलिए जाने-अंजाने ऐसी हैबिट्स को अपनाए रहते हैं, जो आंखों के लिए हार्मफुल होती हैं। इनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए, ताकि इन्हें छोड़कर अपनी आंखों को हमेशा स्वस्थ रख सकें।

ये बैड हैबिट्स होती हैं आंखों के लिए हार्मफुल





हम अकसर यह सोचते हैं कि हमारी आंखों को सबसे ज्यादा नुकसान फोन की स्क्रीन से होता है। रात को देर तक मोबाइल चलाना, टीवी के सामने घंटों बैठे रहना, यही सब उन्हें आंखों का असली दुश्मन लगता है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि हमारी कुछ बुरी आदतें भी ऐसी हैं, जो हर रोज बिना किसी वार्निंग के आंखों को धीरे-धीरे कमजोर कर रही होती हैं। इनकी वजह से भविष्य में आंखों से संबंधित कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। जब तक पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसे में हमें इनके प्रति सजग रहना जरूरी है।

गलत दूरी-पोश्चर में पढ़ना

बहुत पास से किताब पढ़ना, लेटकर मोबाइल चलाना या कम रोशनी में काम करना, ये सब आदतें आंखों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। खासकर बच्चों में यह आदत निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) बढ़ाने का बड़ा कारण बनती हैं।

क्या करें: पढ़ते समय किताब को आंखों से कम से कम 12-14 इंच की दूरी पर रखें। स्क्रीन को आंखों के लेवल से थोड़ा नीचे और लगभग एक हाथ की दूरी पर रखें। हमेशा पर्याप्त रोशनी में ही पढ़ने-लिखने का काम करें।

बार-बार आंखें मलना

दिन भर काम करते-करते जब भी आंख में हल्की-सी खुजली होती है, हम बिना सोचे-समझे हाथ से आंख को रगड़ने लगते हैं। यह बहुत नॉर्मल लगता है। आमतौर पर हमें लगता है कि यह आलस या नींद पूरी न होने की वजह से हो रहा है। जबकि इसके पीछे एलर्जी, ड्राई आइज या इंफेक्शन की शुरुआत होने जैसे कारण हो सकते हैं। लेकिन हमें एहसास ही नहीं होता कि इस आदत के कारण अपनी आंखों का कितना बड़ा नुकसान कर रहे हैं। दिन भर में हमारे हाथ कई चीजों को छूते हैं, जिन पर मौजूद जर्म्स और बैक्टीरिया हमारे हाथों पर चिपक जाते हैं। जब हम आंखें मलते हैं, तो वे आंख के अंदर पहुंच जाते हैं। इससे इंफेक्शन का खतरा तो बढ़ता ही है, आंखों को नुकसान भी पहुंचता है। बार-बार जोर से आंख मलने से कॉर्निया यानी आंख का वह पतला सामने वाला हिस्सा कमजोर पड़ने लगता है। धीरे-धीरे वह अपनी नेचुरल शेप खो देता है और कोन जैसी शेप में बदल सकता है। इसे कैरेटोकोर्नस कहा जाता है। ध्यान न देने पर यह आगे चलकर आंखों की रोशनी कम हो सकती है।



क्या करें: जब आंख में खुजली हो तो उसे मलने की बजाय ठंडे पानी से धोएं। अगर खुजली बार-बार हो रही है तो समुचित उपचार के लिए नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य मिलें।

सस्ते सनग्लासेस पहनना

गर्मी के मौसम में धूप में निकलते समय हम डार्क कलर के लेंस वाले और सस्ते सनग्लासेस पहनते हैं। इन्हें अकसर अनब्रांडेड ही लेते हैं। बेशक अल्ट्रावॉयलेट रेज से आंखों का बचाव करने के लिए सनग्लासेस पहनना उचित है। लेकिन ऐसे सनग्लासेस फायदे की जगह उल्टा नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेंस का डार्क कलर देखकर हमारा ब्रेन समझता है कि बाहर अंधेरा है और आंखों की काली पुतली (प्यूपिल) अपने आप फैल जाती है, जिससे हार्मफुल अल्ट्रावायलेट किरणें आंखों के रेटिना और लेंस तक ज्यादा मात्रा में पहुंचने लगती हैं। लंबे समय तक इनके इस्तेमाल से मैकुलर डिजनरेशन जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है, जिनसे आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

क्या करें: सनग्लासेस यथासंभव आइज-स्पेशलिस्ट को कंसल्ट करके या किसी अच्छी दुकान से ही खरीदें। खरीदते समय हमेशा लेबल या पैकेजिंग पर लिखी जानकारी जरूर पढ़ें। चेक करें कि उस पर यूवी 400 या शत-प्रतिशत यूवी प्रोटेक्शन लिखा हो। सनग्लासेज के लेंस के रंग का भी ध्यान रखें यानी बहुत डार्क कलर के सनग्लासेज लेना अवॉयड करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

कांटेक्ट लेंस से जुड़ी लापरवाही

समयाभाव या आलस के चलते रात में सोने से पहले कई लोग कांटेक्ट लेंस नहीं उतारते और उन्हें पहनकर ही सो जाते हैं। या उन्हें बिना ठीक से साफ किए इस्तेमाल करते रहते हैं। इसका आंखों पर बहुत असर पड़ता है, क्योंकि सोते समय हमारी आंखें बंद रहती हैं और कॉर्निया तक ऑक्सीजन की सप्लाई नेचुरली कम मात्रा में हो पाती है। ऊपर से अगर सोते हुए कांटेक्ट लेंस लगाने पर ऑक्सीजन की सप्लाई और भी कम हो जाती है, क्योंकि लेंस एक तरह की परत की तरह काम करता है। इस कंडीशन को हाइपोक्सिया कहा जाता है। हाइजीन का ध्यान न रखने पर आंखों में कैरेटाइटिस इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। जो कॉर्निया को बुरी तरह नुकसान पहुंचाता है और कुछ मामलों में व्यक्ति को पूरी तरह से विजन लॉस तक हो सकता है।

क्या करें: चाहे कितनी भी थकान क्यों न हो, सोने से पहले कांटेक्ट लेंस जरूर निकालें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार साफ करें और सही तरीके से सॉल्यूशन में स्टोर करें। लेंस पहनने-उतारने से पहले हाथों को अच्छी तरह धोएं। साथ ही नहाते या स्विमिंग करते समय कांटेक्ट लेंस न पहनें क्योंकि पानी में मौजूद बैक्टीरिया भी उतनी ही आसानी से आंख में इंफेक्शन फैला सकते हैं। भले ही कांटेक्ट लेंस देखने में कितने भी अच्छे क्यों न लगें, एक्सपायरी डेट खत्म होने के बाद उन्हें इस्तेमाल न करें।



बहुत कम या तेज रोशनी में पढ़ना

कम रोशनी में पढ़ने से आंखों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है और जल्दी थकान महसूस हो सकती है। इसी तरह बहुत तेज या सीधे आंखों पर पड़ने वाली रोशनी भी असुविधा पैदा कर सकती है। इससे आंखों में तनाव और असहजता बढ़ सकती है।

क्या करें: पढ़ते या काम करते समय कमरे में पर्याप्त और समान रोशनी रखें। रोशनी सीधे आंखों में पड़ने के बजाय किताब या काम की जगह पर पड़े। रात में मोबाइल की तेज रोशनी में लंबे समय तक पढ़ने से बचें।

रुटीन आई चेकअप ना करवाना

ज्यादातर लोग तभी डॉक्टर के पास जाते हैं, जब आंखों में धुंधला दिखना या दर्द होने जैसी कोई समस्या होने लगती है। लेकिन असली खतरा ग्लूकोमा जैसी बीमारियों से होता है, जिसे साइलेंट थीफ ऑफ साइट भी कहा जाता है। ग्लूकोमा चुपचाप बिना किसी दर्द या तकलीफ के आंखों को नुकसान पहुंचाता रहता है। जब तक व्यक्ति को कुछ महसूस होता है तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। इसीलिए रेग्युलर आई चेकअप बहुत जरूरी है। रेग्युजर आई चेकअप व्यक्ति की आंखों की रोशनी बचा सकता है। बहुत से लोग सोचते हैं कि जब तक चश्मे का नंबर नहीं बदला तब तक डॉक्टर के पास जाने की कोई जरूरत नहीं। लेकिन यह सोच गलत है। आई एग्जामिनेशन सिर्फ नंबर चेक करने के लिए नहीं होता बल्कि उसमें आंखों के अंदर की प्रेशर, रेटिना की कंडीशन और नसों की सेहत भी देखी जाती है। जो सिर्फ मशीन के द्वारा एक्सपर्ट आइज स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही देख सकते हैं।

क्या करें: साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच जरूर कराएं। खासकर अगर आपके परिवार में किसी को पहले ग्लूकोमा, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी रही है, तो आपके लिए यह जांच और भी जरूरी हो जाती है। क्योंकि इन बीमारियों का सीधा असर आंखों की सेहत पर भी पड़ता है। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

बुक शेल्फ
रेणु खंतवाल

फिटनेस के लिए उपयोगी सूत्र

फिट इंडिया एंबेसडर और आईआरएस नरेंद्र कुमार यादव की किताब 'फिटनेस और भारत @ 2047' हाल ही में छपकर आई है। यह किताब फिटनेट के महत्व और उसकी जरूरत को बहुत व्यापक रूप में प्रस्तुत करती है। यह फिटनेस को राष्ट्र की जरूरत के रूप में देखने की सोच, नजरिया पेश करती है। किताब यह बताने का प्रयास करती है कि जब भारत 2047 में आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा, उस समय वह एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तो होगा ही लेकिन क्या देश की जनता भी स्वस्थ शरीर के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर रही होगी?



जिस तरह लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों से हम घिरे हुए हैं, क्या एक कमजोर शरीर के साथ एक मजबूत सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकते हैं? किताब यह संदेश देती है कि मजबूत देश के निर्माण का भागीदार बनने के लिए हमें अपने शरीर पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता भी होनी चाहिए।

किताब अच्छी लाइफस्टाइल पर सबसे ज्यादा जोर देती है। इसमें हेल्दी-फिट रहने के लिए कई ऐसे सूत्र दिए गए हैं, जिन्हें आसानी से अपना सकते हैं। जैसे- रोज अच्छी भरपूर नींद, संतुलित आहार युक्त थाली, रोज की वॉकिंग और प्रति सप्ताह न्यूनतम 150 मिनट मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि को अनिवार्य बताया गया है। लेखक इस बात को बार-बार दोहराते हैं कि रोज का 24 मिनट का दैनिक व्यायाम, भविष्य की 240 घंटों की बीमारी को रोक सकता है। कुल मिलाकर यह किताब कई उदाहरणों और प्रसंगों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास करती है कि आपका शरीर केवल आपका नहीं, राष्ट्र का भी है। व्यक्तियों से ही राष्ट्र बनता है और वही देश का निर्माण करते हैं। इसलिए यदि देश का हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी हम एक सशक्त राष्ट्र बनकर देश के विकास को स्वर्णिम अक्षरों में लिख सकते हैं। *

पुस्तकः फिटनेस और भारत @ 2047, लेखकः नरेंद्र कुमार यादव, मूल्यः 400 रुपए, प्रकाशकः प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली

डाइट सजेशन
जास्मिन कौर
डाइटीशियन-एम्स, नई दिल्ली

आपके बच्चे हेल्दी, एनर्जेटिक रहें इसके लिए आप हर संभव प्रयास करते हैं। लेकिन इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप बच्चे को रेग्युलर न्यूट्रिशस डाइट दें। कैसी हो बच्चों की डाइट, जानिए।

बच्चों को दें न्यूट्रिशस फूड रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक



यह सही है कि बच्चों को पिज्जा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, पोटैटो चिप्स, कैंडी जैसे स्नैक्स अपनी ओर ज्यादा आकर्षित करते हैं। ताजे फल या ताजे फलों के जूस के बजाय उन्हें पैक्ड जूस, फ्रूट ड्रिंक्स और सोडा लेना ज्यादा पसंद होता है। लेकिन इन सबके कारण कम उम्र में ही उनमें एनीमिया, तनाव, मोटापा, डिस्लीपेडिनिया यानी लिपिड और ब्लड कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि बच्चों की डाइट का खास ध्यान रखा जाए।

दें हेल्दी मील्सः बच्चों के साथ पूरा परिवार बैठकर ऐसी हेल्दी डाइट ले, जिसमें प्रचुर मात्रा में कैलोरीज और न्यूट्रीएंट्स मौजूद हों। इससे बच्चे में हेल्दी डाइट के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। पढ़ाई, खेल और अन्य एक्टिविटीज के बीच बच्चों को शॉर्ट मील्स लेने की आदत डालें। बच्चों को हर रोज तीन बार हेल्दी खाना और दो बार हेल्दी स्नैक्स दें, ताकि उनके शरीर को प्रचुर मात्रा में कैलोरीज मिल पाएं। स्कूल जाने वाले बच्चों के लंच बॉक्स में हेल्दी मील के अलावा दो शॉर्ट मील्स भी पैक करके दें। ताकि वह स्कूल की कैंटीन से अनहेल्दी फूड न ले।

कैल्शियम युक्त डाइट जरूरीः कैल्शियम, बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके लिए उनकी डाइट में संतरे का जूस, दूध, टोफु, केला, स्पिनेच, ब्रोकली, आलमंड चीज, कॉटेज चीज और योगर्ट शामिल करें। बींस, सोया फूड्स, टोफू, पीनट, बटर को फ्राई करने के बजाय बेक, बॉयल और ग्रिल्ड करके दें, इससे उनका बॉडी वेट कंट्रोल रहेगा।

ताजे फल-सब्जियां हों ज्यादाः बच्चों की आधी से ज्यादा खाने की प्लेट फ्रेश फलों और सब्जियों से भरी होनी चाहिए। ड्राई फ्रूट्स के बजाय उन्हें फ्रूट जूस दें। संभव हो तो ब्रोकली, स्पिनेच, रोमैन लेट्यूस और कोलार्ड ग्रीन्स जैसे डार्क ग्रीन वेजिटेबल्स के साथ-साथ गाजर, शकरकंद, विंटर स्क्वैश और रेड पेपर्स सब्जियां भी दें। ब्राउन राइस, होल व्हीट पास्ता, होल ग्रेन सीरीयल्स और ब्रेड समेत लो फैट डेयरी फूड्स भी डाइट में शामिल करें। मांसाहारी हों तो मछली, चिकन जैसे प्रोटीन युक्त फूड्स भी उनकी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

फ्राइड नहीं रोस्टेड स्नैक्सः फ्राइड के बजाय उन्हें रोस्टेड स्नैक्स खाने के लिए प्रेरित करें। टिंड फूड, टिंड पैक्ड फूड अवॉइड करें। उन्हें समझाएं कि जो भी खाएं फ्रेश खाएं। जंक फूड या फास्ट फूड में अधिक मात्रा में फैट (खासकर सैचुरेटेड फैट), अधिक मात्रा में नमक, चीनी मौजूद होते हैं। इससे वजन बढ़ने, हाई बीपी, कब्ज, थकान और ध्यान एकाग्र करने में परेशानी होती है। इससे बचने के लिए ऐसा भोजन उन्हें न दें। दांतों की समस्या से बच्चों को बचाने के लिए एनर्जी ड्रिंक्स के बजाय ताजे फल या फलों का ताजा जूस, नीबू का रस, लाइम या संतरा फ्लेवर चुनें।



अनसैचुरेटेड फैटः सोयाबीन, कनोला, ऑलिव और सनफ्लावर ऑयल में मौजूद अनसैचुरेटेड फैट हेल्दी होता है। रेड मीट में आयरन, एग योगर्ट, फोर्टिफाइड सीरीयल्स सहित ब्रेड को बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक स्वस्थ डाइट का केवल सात प्रतिशत हिस्सा सेचुरेटेड फैट, देसी घी, मक्खन वगैरह से आना चाहिए। इससे ज्यादा मात्रा स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, मोनो अनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट का कॉम्बिनेशन बच्चों के विकास में मदद करता है इसलिए सनफ्लावर ऑयल में पका खाना खिलाना और खाने में उन्हें मूंगफली देना भी अच्छा है।

नियमित व्यायाम जरूरीः अच्छी डाइट के अलावा बच्चे हर रोज कम से कम एक घंटा शारीरिक श्रम, व्यायाम या आउटडोर गेम्स जरूर खेलें। जैसे कि दौड़, वॉकिंग, स्विमिंग आदि, इससे भी वे लगातार फिट रह सकते हैं। *

प्रस्तुतिः सुषमाश्री



खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ की सीमा से कवर्धा होकर रायपुर तक बनेगा 6-लेन एक्सप्रेसवे

कवर्धा। केन्द्र सरकार ने जबलपुर-भोपाल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे तथा जबलपुर-मंडला-छत्तीसगढ़ सीमा-कवर्धा-सिमगा-रायपुर 6-लेन मार्ग परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की परियोजना से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। प्रस्तावित कॉरिडोर मध्यप्रदेश में भोपाल, सागर, दमोह, जबलपुर और मंडला से होते हुए छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करेगा तथा चिल्फीघाटी, कवर्धा, बेमेतरा और सिमगा होते हुए रायपुर से जुड़ेगा। इस परियोजना के तहत जबलपुर से छत्तीसगढ़ सीमा,कवर्धा होते हुए रायपुर तक के महत्वपूर्ण मार्ग को 6-लेन एक्सप्रेसवे के रूप में उन्नत किया जाएगा। इस हिस्से को करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किए जाने की बात सांसद ने कही है। सांसद पाण्डेय के अनुसार, परियोजना पूर्ण होने के बाद भोपाल से रायपुर की यात्रा का समय लगभग 14-15 घंटे से घटकर 6-7 घंटे रह सकता है। वहीं जबलपुर से रायपुर की दूरी तय करने में लगने वाला समय 7-8 घंटे से घटकर करीब 3.5-4 घंटे होने की उम्मीद है। यह इंटर-स्टेट कॉरिडोर मध्यभारत के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन और व्यापारिक मार्ग साबित होगा।

केंद्र सरकार ने चार हजार क्विंटल की सीमा तय की, आदेश राजपत्र में प्रकाशित

अब शक्कर की जमाखोरी पर होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

शक्कर की कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी को देखते इस पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बना दिया गया है। केंद्र सरकार ने राजपत्र में प्रकाशन कर शक्कर के अवैध भंडारण और जमाखोरी पर अंकुश लगाने चीनी डीलरों और व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा तय कर दी है। नए पाबंदी के अनुसार अब कोई भी डीलर चार हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। इसके अलावा डीलर किसी स्टॉक की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन से अधिक अवधि तक उसका भंडारण भी नहीं कर सकेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय के दरमियान प्रदेशभर में शक्कर की मांग और आपूर्ति के बीच काफी अंतर देखा गया है। इस कारण अचानक शक्कर की कीमत में भारी उछाल आया है। लगभग देश भी में यही स्थिति है। इसको देखते भारत सरकार 28 जुलाई 2026 को राजपत्र में इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में सभी शक्कर के कारोबारियों के लिए शक्कर का स्टॉक अधिकतम 4 हजार क्विंटल निर्धारित कर दिया है। इसके अलावा स्टॉक को एक माह के भीतर बेचना होगा। केंद्र सरकार का यह आदेश 1 अगस्त से लागू होकर 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा सभी चीनी डीलरों को पोर्टल पर स्व-पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। उसे नियमित रूप से अपडेट करना होगा।

केंद्र के आदेश बाद प्रदेश के सभी जिलों में भी कारोबारियों के लिए निर्देश जारी

खास बातें

- पोर्टल में भी देनी होगी चीनी के भंडारण की पूरी जानकारी
- हर हफ्ते अपडेट जानकारी की होगी पड़ताल
- डीलरों को करना है स्व-पंजीयन अपडेट भी जरूरी

पीडीएस के लिए लागू नहीं

राजपत्र में जारी आदेश के अनुसार स्टॉक सीमा सरकारी खाते पर लागू नहीं होगी।



इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा तय किए गए डीलरों अथवा अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में वितरण के लिए रखे गए स्टॉक को भी इस सीमा से बाहर रखा गया है। सिर्फ स्टॉक सीमा तय करना ही नहीं, सरकार निगरानी भी बढ़ा रही है। सभी चीनी डीलरों को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी दर्ज करनी होगी और हर हफ्ते उसे अपडेट करना होगा। इससे सरकार को वास्तविक स्टॉक की जानकारी मिलेगी और किसी भी तरह की जमाखोरी या नियमों के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

10 रुपए तक हुई बढ़ोत्तरी

शक्कर की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान लगातार तेजी देखने को मिली है। 40 रुपए किलो में मिलने वाली शक्कर का दाम अब 50 रुपए तक पहुंच गया है। इस अवधि में शक्कर के दाम में करीब 10 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसके पीछे का कारण बताते व्यापारियों ने बताया कि अंचल में महाराष्ट्र से आने वाली शक्कर की आवक कम होने के साथ ही अन्य राज्यों में सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके चलते खुदरा बाजार में भी उपभोक्ताओं को महंगी शक्कर खरीदनी पड़ रही है।

शक्कर की कीमत बढ़ने की वजह

महाराष्ट्र के लातूर, नांदेड़, कोल्हापुर समेत अन्य जिलों से शक्कर की आवक होती है। यहां से छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी शक्कर भेजी जाती है। मांग बढ़ने के बीच सप्लाई घटने से कीमतों में तेजी आई है। पहले रोजाना करीब 40 गाड़ियां शक्कर दूसरे राज्यों में जाती थी, जो अब घटकर औसतन 25 रह गई है। एथेनॉल उत्पादन में गन्ने के उपयोग से भी शक्कर का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बच्ची की मौत

महासमुंद। छछान पहाड़ी के पास एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक में सवार एक बच्ची की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मामले को लेकर तुमगांव पुलिस ने जांच के बाद बताया कि 11 अगस्त शेख मैमुद्दीन अपनी पत्नी पद्मा मरकाम (हसीना बेगम) और भतीजी अंजलि मरकाम (11 वर्ष) को लेकर ग्राम मोहमेला थाना आरंग जा रहा था। सुबह करीबन 09.30 बजे छछान माता पहाड़ी मंदिर के पास रोड में गाय आ जाने से शेख मैमुद्दीन अपनी बाइक को ब्रेक लगाकर रोकने लगा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 40 जीए 2046 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक चलाते लाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे शेख मैमुद्दीन के दाहिने हाथ, कंधे में व अंजलि मरकाम के चेहरे, कनपटी, कंधा, सीने के बगल में गंभीर चोट लगी, वहीं पदमा मरकाम (हसीना बेगम) के सिर, गाल, हाथ, सीने में चोट लगी। जिन्हें सीएचसी तुमगांव में लाया गया। अस्पताल में डाक्टर ने चेक करने के बाद अंजलि मरकाम को मृत घोषित कर दिया।

फोलोवर्स बढ़ाने के नाम पर 41000 रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सोशल मीडिया में फोलोवर्स बढ़ाने के नाम पर हुए साइबर ठगी की राशि पुलिस ने प्रार्थी को वापस दिलवाने में सफलता पाई है।

- शिकायत के बाद राशि होल्ड कराकर वापस कराई

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी रतनाकर द्विवेदी 33 वर्ष निवासी थाना बसंतपुर हाल पैण्ड्री के साथ 3 जनवरी को अंजान लिंक क्लीक करने पर यूट्यूब पर फोलोवर्स बढ़ाने के नाम पर 2000 रुपए डलवाया और बाद में रिफंड हो जाएगा कहकर झांसा देते हुए कुल 42000 रुपए का साइबर ठगी किया था। जिसकी शिकायत उन्होंने डायल 1930 के माध्यम से घर बैठे की थी। सायबर पुलिस की मदद से बैंक द्वारा रिस्टोरेशन मनी की जानकारी पोर्टल पर देने के पश्चात साइबर थाना राजनांदगांव द्वारा त्वरित कार्रवाई करते 4 दिन के भीतर ठगी की राशि वापस दिलाने में सराहनीय कार्य किया।

बस्तर में तिरंगा यात्रा शुरू, शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, शांति और विकास का संदेश लेकर नारायणपुर से बीजापुर के करेगुटालू तक निर्धारित 'बस्तर तिरंगा यात्रा' आज नारायणपुर से हलामी मुंजमेटा पहुंची। रैली के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री तथा स्थानीय विधायक केदार कश्यप ने सभी के साथ भारतमाता की जयकारे लगते हुए आगे बढ़े।

- उपमुख्यमंत्री और वन मंत्री की मौजूदगी में करेगुटालू जाएगी तिरंगा यात्रा

हलामी मुंजमेटा पहुंचने पर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर हलामी मुंजमेटा में नक्सली हमले में शहीद हुए स्व. बलिराम पोटाई, स्व. संतोष श्रीमाली, स्व. सोमारू राम वट्टी, स्व. अब्दुल वाहिद खान



की श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान शहीद जवान की शहादत को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति के लिए जवानों ने जिस साहस और समर्पण के साथ अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

अब घरों को लूटने वाले नहीं

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि गांव में कोई मेहमान आएंगे तो कोई रोक टोक नहीं होगी, अब मेला मड़ई रोकने वाला कोई नहीं, अब आपको परेशान करने वाला कोई नहीं, अब आपके घरों को लूटने वाला कोई नहीं है। बाबा साहेब के लिखे भारत के संविधान में इतनी ताकत है कि सभी को आगे लेकर जाए। अब संविधान को लागू होने से रोकने वाला कोई नहीं है।

सौतेली पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी पिता को 30 वर्ष का कारावास

कोरबा। मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व नाबालिग पुत्री के साथ हुए दुष्कर्म के गंभीर मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी सौतेले पिता को 30 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है।



मामले की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने पिता ने पुत्री के पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए वर्ष 2025 में पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की थी और मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में चल रही थी। मामले की सुनवाई करते हुए प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और अभियोजन पक्ष के मजबूत तर्कों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया गया। जहां आरोपी को 30 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है।

पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS)

UIN : IRDAN126P0002V02200708

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

फसल बीमा माह 1-31 जुलाई, 2026

खरीफ-2026

''किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना''

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से ''भारतीय कृषि बीमा कंपनी'' द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें : खरीफ राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरुद

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र दोनो खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 14 अगस्त 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC) / कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व - घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

आधार अनिवार्य

किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 14.08.2026से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें और सुनिश्चित करें कि वह DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए सक्षम हो। यह PMFBY के तहत अपनी बकाया क्लेम राशि (यदि कोई हो) प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, साथ ही फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

अधिसूचित क्षेत्र आधार पर	स्थानीय आपदा एवं फसल विशेष के आधार पर
1) तापमान (कम, अधिक) 2) वर्षा (कम, अधिक, बेमौसम वर्षा) 3) वायु गति 4) कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम	1) ओलावृष्टि 2) चक्रवाती हवाएँ

क्र.सं	मौसम	अधिसूचित फसलें	स्थानीय आपदा हेतु जोखिम
1.	खरीफ	मिर्च, केला एवं पपीता	ओलावृष्टि
2.	खरीफ	केला एवं पपीता	चक्रवाती हवाएँ

हानि का मूल्यांकन (दावा भुगतान)

- अधिसुचित क्षेत्र में स्थापित ''स्वाचालित मौसमी केन्द्र'' (AWS) से प्राप्त उपरोक्त लिखित सभी 4 अवरित जोखिमों के प्रमाणित आंकडों एवं अधिसुचित टर्मशीट के अनुसार दावा गणना की जायेगी।
- दावा राशि का भुगतान सीधे किसानों के खाते में किया जावेगा।
- किसानों को फसल क्षति से संबंधित सूचना बीमा कम्पनी को देने की आवश्यकता नही है।

हानि का मूल्यांकन (दावा भुगतान)

स्थानीय आपदाएँ से फसलों में नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर बीमित फसलों के ब्यौरे, क्षति की मात्रा, क्षति का कारण, फोटो इत्यादि के साथ यहाँ सूचित करें :-

- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ।
- लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप।
- जिला/तहसील स्तर के उद्यानिकी/कृषि/राजस्व कार्यालय।
- भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)।

नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा।

1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का)	खरीफ - 5%
2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/लोक सेवा केन्द्र/ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता/डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती/बीमा कराने की अंतिम तिथि	14 अगस्त 2026

HO/26-27/1A/13

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 14-08-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल/डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखें अथवा उद्यानिकी/कृषि/राजस्व अधिकारी /बैंक /CSC एवं ए.आई.सी. क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.

क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)

फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com

पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.

सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126

aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)

www.pmfby.gov.in

UNI : IRDAN126RP0001V01201617

''किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना''

खरीफ-2026

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन

राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 14 अगस्त 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC)/ कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व-घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

आधार अनिवार्य

किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 14.08.2026से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें और सुनिश्चित करें कि वह DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए सक्षम हो। यह PMFBY के तहत अपनी बकाया क्लेम राशि (यदि कोई हो) प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, साथ ही फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

अधिसूचित क्षेत्र आधार पर	व्यक्तिगत खेत आधार पर
क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है।	क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना।
ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन।	ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में।
अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है।	स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा।

किसान द्वारा देय प्रीमियम दर एवं किसान निराकरण के लिए एआईसी के वेबसाइट https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।



खरीफ	
1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का)	2%
2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/लोक सेवा केन्द्र/ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता/डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती/बीमा कराने की अंतिम तिथि	14/08/2026

HO/25-27/1A/12

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 14-08-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल/डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी/कृषि/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करे

भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.

क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)

फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com

पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.

सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126

aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

अमेरिका में भारतीयों का सम्मान

न्यूयार्क और न्यू जर्सी ने 15 अगस्त को भारत स्वतंत्रता दिवस किया घोषित

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत अब अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस साल के समारोह में 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने को भी खास तौर पर याद किया जाएगा। वहीं, अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क राज्यों ने 15 अगस्त 2026 को 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना संबंधों को भी सम्मान दिया गया है।



न्यू जर्सी गवर्नर को दिया धन्यवाद

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कई पोस्ट कर इन घोषणाओं की जानकारी साझा की। दूतावास ने न्यू जर्सी की गवर्नर मिकी शेरिल को धन्यवाद दिया। उन्होंने 15 अगस्त 2026 को न्यू जर्सी में 'भारत स्वतंत्रता दिवस' घोषित किया है। इस घोषणा में न्यू जर्सी में रह रहे भारतीय मूल के अमेरिकियों के अहम योगदान को भी मान्यता दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शोध, तकनीक, कारोबार, सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में इस समुदाय के योगदान का जिक्र किया गया है।

भारत-अमेरिका के मजबूत संबंध

न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि न्यूयॉर्क भी भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है। इस मौके पर भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत संबंधों को विशेष रूप से सम्मान दिया जा रहा है। दूतावास ने न्यू जर्सी की गवर्नर कैथी होकुल का भी आभार जताया।

भारत-अमेरिका लोकतांत्रिक देश



न्यू जर्सी की गवर्नर कैथी होकुल ने घोषणा में बताया गया कि भारत की आजादी की राह अहिंसा, सच्चाई, आत्म-अनुशासन और नैतिक साहस जैसे मूल्यों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता से बनी थी। इसमें यह भी कहा गया कि अमेरिका में हर साल भारत के स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अब अलग-अलग संस्कृतियों के बीच सद्भाव की एक शानदार मिसाल बन चुका है।

गुलमर्ग में 110 फीट का तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र



बारामूला स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर का मशहूर पर्यटन स्थल गुलमर्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। यहां लगाया गया 110 फीट ऊंचा तिरंगा पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुलमर्ग घूमने पहुंच रहे सैलानी तिरंगे के साथ तस्वीरें और वीडियो बना रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से कश्मीर घूमने पहुंचे पर्यटकों का कहना है कि गुलमर्ग की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ इतने ऊंचे तिरंगे को देखना उनके लिए एक यादगार अनुभव है।

अमेरिका एआई का विरोध, 13 लोग गिरफ्तार

चैटजीपीटी का विरोध, वाशिंगटन में ओपन आई के दफ्तर में घुसे प्रदर्शनकारी, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और यूरोप में एआई के खिलाफ विरोध भी तेज होता जा रहा है। ताजा मामला अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी का है, जहां प्रदर्शनकारियों ने ओपन आई के दफ्तर में घुसकर एआई के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। फ्यूचरिज्म की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में ओपन आई के वॉशिंगटन डीसी स्थित लॉबिंग ऑफिस में करीब दो घंटे तक प्रदर्शन हुआ और 13 छात्रों को गिरफ्तार किया गया। यह सिर्फ एक कंपनी के दफ्तर के बाहर हुआ नॉर्मल प्रोटेस्ट नहीं है। दरअसल अमेरिका और यूरोप में पिछले कुछ समय से एआई को लेकर अलग-अलग मुद्दों पर लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कहीं लोगों को अपनी नौकरी जाने का डर है, कहीं कलाकार अपने काम के इस्तेमाल को लेकर परेशान हैं, तो कहीं एआई के लिए बनाए जा रहे बड़े डेटा सेंटर्स बिजली और पानी की भारी खपत को लेकर विरोध का कारण बन रहे हैं। मार्च 2026 में सैन फ्रांसिस्को में भी प्रोटेस्टर्स ओपन आई के मुख्यालय से लेकर एलॉन मस्क के एक्स एआई तक मार्च कर चुके हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, प्रोटेस्टर्स एआई के डेवेलपमेंट को रोकने की मांग कर रहे थे।



प्रदर्शन की वजह

वॉशिंगटन डीसी में हुआ यह प्रदर्शन एआई के तेजी से बढ़ते असर और उसके संभावित नुकसान को लेकर था। उनका कहना है कि एआई कंपनियां जिस रफ्तार से नई तकनीक बना रही हैं, उसके मुकाबले सरकारों की तरफ से नियम और सुरक्षा इंतजाम उतनी तेजी से नहीं बन रहे हैं। यही वजह है कि अमेरिका में एआई को लेकर विरोध करने वाले अलग-अलग समूह अब कंपनियों के दफ्तरों, सरकारी संस्थानों और डेटा सेंटर प्रोजेक्ट्स के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। मार्च में सैन फ्रांसिस्को में ओपन आई, एंथ्रोपिक और गूगल डीपमाइंड से जुड़े ठिकानों पर भी प्रोटेस्ट हुआ था। जुलाई में सैन फ्रांसिस्को में स्टॉपएआई से जुड़े लोगों ने इन कंपनियों के खिलाफ मार्च किया और एआई की रफ्तार पर सवाल उठाए।

सबसे बड़ा डर नौकरी जाने का है

एआई के खिलाफ गुस्से की सबसे बड़ी वजह नौकरी है। ब्रिटेन में किंग्स कॉलेज लंदन की 2026 की एक स्टडी में सामने आया कि करीब 10 में से 7 लोग एआई की वजह से होने वाले नौकरी के नुकसान के आर्थिक असर को लेकर चिंतित हैं। 57 फीसदी लोगों को लगता है कि एआई बड़े पैमाने पर बेरोजगारी ला सकता है। वहीं करीब 22 फीसदी लोगों का मानना है कि एआई की वजह से इतनी तेजी से नौकरियां खत्म हो सकती हैं कि इससे सामाजिक अशांति पैदा हो सकती है। युवाओं और नई नौकरी शुरू करने वालों को लेकर डर और ज्यादा है। स्टडी में करीब 10 में से 6 लोगों ने माना कि एआई की वजह से शुरुआती स्तर की सफेदपोश नौकरियों पर बड़ा असर पड़ सकता है। यही डर अब सिर्फ कर्मचारियों तक नहीं है। यूरोप में सरकारें भी इस बात पर चर्चा कर रही हैं कि एआई के दौर में लोगों की नौकरियां कैसे बचाई जाएं और कर्मचारियों को नई स्किल कैसे दी जाए।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई० अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :RDSD/RAMGARH/15/2026-27
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–DMFT मद अन्तर्गत।

क्र	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि (रू०)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	RDSD/RGH/15/ 2026-27	MANDU	Construction of New Bridge over Local Nalla Connection Bongabar (Ward No.-02) and Old NH-33 Under mandu in Ramgarh District.	23415600	469000	10000	12 (बारह माह)

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 21.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.08.2026 से 29.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.09.2026 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 7488152930
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 387328 Rural Work Department(26-27).D

STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand

e-procurement Notice inviting BID

Ref No: SHAJ/Tech/CW/Appr. road Jhariya Vihar Colony/2026/652 Date: 12.08.2026 25

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Widening and Strengthening /Reconstruction work of approach road of Jhariya vihar colony Belgariya (Palani more to Kali mandir more) via phase-5 upto Rani road and Hari mandir more to Phase-3 Boundary wall (Length-2.8 km) in Dhanbad district" on Deposit basis** The approximate cost of the work is Rs. 12.02 crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **18.08.2026 (15:00 hrs) to 09.09.2026 (15:00 hrs).**
3. The complete BID Application shall be submitted online by **09.09.2026 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
4. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 12.02 Lakh (Rs. Twelve Lakhs One Thousand) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per **Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **10.09.2026** at **15:30 hrs.**
5. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 387369 State Highway Authority of Jharkhand(26-27).D

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की बायोग्राफी की लॉन्च

रील्स के दौर में शॉर्टकट न अपनाएं जेन-जी : मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'रील के युग' में रह रहे युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है। पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविंद का जीवन दिखाता है कि दृढ़ संकल्प किसी व्यक्ति को मुश्किलों से उबरने और सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने में कैसे मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद भी कोविंद के लगातार सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने का जिक्र करते हुए कहा कि पद छोड़ने के बाद भी उन्होंने आराम नहीं किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पहल पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय लोकतंत्र में एक नया अध्याय खोल सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति के प्रयास भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उनके निरंतर योगदान का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इनसे किसी खास दौर को उस व्यक्ति के जीवन के जरिए समझने का मौका मिलता है जिसने उसे खुद अनुभव किया हो।

एआईपीएसआई की नई कुलपति होंगी डॉ.भूमा

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। मॉरीशस स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक सर्विस एंड इनोवेशन (एआईपीएसआई) की नई कुलपति (वाइस चांसलर) के रूप में सेवानिवृत्त (आईआरपीएस) डॉ.भूमा वी.जी का चयन किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस संस्थान (पूर्व में मॉरीशस का सिविल सर्विस कॉलेज था) का पिछले वर्ष 2025 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ.नवीन चंद्र रामगुलाम ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया था।

भारतीय युद्धपोत पर लगेंगे कामीकाजे ड्रोन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए जहाज से लॉन्च होने वाले लॉइटरिंग म्यूनिशन यानी कामीकाजे ड्रोन जैसे सिस्टम की मांग को मान लिया है।

- 15–18 हजार करोड़ की होगी डील, आरएफआई जारी

मंत्रालय ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन यानी आरएफआई जारी की है। अनुमानित डील की कीमत 15 हजार से 18 हजार करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है हालांकि मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर लागत का खुलासा नहीं किया है। यह प्रणाली नौसेना के युद्धपोतों से लॉन्च की जा सकेगी और समुद्री तथा जमीनी दोनों तरह के लक्ष्यों पर सटीक हमला करने में सक्षम होगी। सिस्टम की न्यूनतम रेंज 1000 किलोमीटर होनी चाहिए। यह नौसेना की लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता को नया आयाम देगा। आरएफआई में साफ मापदंड तय किए गए हैं।

'भाजपा के दबाव के चलते कोई नहीं दे रहा बैठक की जगह'

नयी दिल्ली। दिल्ली के नारायणा में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के स्वयंसेवकों की बुधवार को होने वाली एक बैठक रद्द कर दी गई। कॉजपा संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया है कि जिस बैंक्वेट हॉल में यह बैठक होनी थी उसने सत्ताधारी भाजपा के 'दबाव' के कारण आखिरी समय पर बुकिंग रद्द कर दी। बैठक रद्द होने के बाद दीपके ने संवाददाताओं से कहा कि आयोजकों ने यह जगह आरक्षित की थी लेकिन जब वे वहां पहुंचे तब उनसे कहा गया कि उन्हें 'दबाव' के कारण हॉल उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने कहा, ' आज हम दिल्ली में अपने स्वयंसेवकों की बैठक करने वाले थे। हमें बैठक करने की इजाज़त नहीं दी गई। उन्होंने कहा, 'हम पर दबाव है, हम आपको हॉल नहीं दे सकते।' 'दीपके ने दावा किया कि उन्हें आस-पास की दूसरी जगहों पर भी इसी तरह मनाही का सामना करना पड़ा।

- काकरोच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने लगाया आरोप

पांच मंजिला इमारत के नीचे दबा मिला, अब तक 224 लोगों की मौत

कोलंबिया भूकंप के 48 घंटे बाद नवजात बच्चे का रेस्क्यू



एजेंसी ▶▶ बोगोटा

साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप के करीब 48 घंटे बाद मलबे से एक बच्चे को जिंदा निकाला गया। बच्चा एक गिरी हुई पांच मंजिला रिहायशी इमारत के मलबे में फंसा था। उसके साथ एक आदमी भी दबा हुआ था। यह रेस्क्यू बुधवार को भूकंप के बाद चल रहे तीसरे दिन के सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ। रेस्क्यू टीम ने बताया कि उन्हें मलबे के नीचे से एक आदमी की आवाज सुनाई दी। आदमी ने कहा- 'हां, मैं यहीं हूं। मैं एक बच्चे के साथ हूं।' इसके बाद मौके पर मौजूद रेस्क्यू टीम और बाकी लोगों ने तुरंत हाथों से मलबा हटाना शुरू कर दिया।

भारत बोला- हम हर संभव मदद के लिए तैयार

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि कोलंबिया में जान-माल के नुकसान से वे बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत पड़ने पर कोलंबिया को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। कोलंबिया के राष्ट्रपति अबेलार्डो डे ला एस्प्रिएला ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रिसाराल्दा प्रांत में प्रभावित लोगों को 3 महीने तक घरेलू सेवाओं के बिल से राहत देने का आदेश दिया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 18000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 -20000 टेंडर कार्य, मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016.(आरो-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.(आरो-41602)

केयर टेकर

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800. (आरो-003)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु 12वी पास (कार्मस) लड़कों की आवश्यकता । सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमीं चंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर (आरो-234)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576. (आरो-822)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो-326)

ठेकेदार

आवश्यकता है- रायपुर में मल्टीस्टोरी फ्लैट बिल्डिंग में टाइल्स कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यकता संपर्क- राकेश -9329116108. (आरो-821)

ड्रायवर

आवश्यकता है- कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। पता- आर.बी.पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 8435904413.(आरो-819)

For Rent किराया

Warehouse for Lease – Limited Availability! Upgrade your business with a modern, high-specification warehouse.
1.) 9300 Sq. Ft. Ready-to-Move
2.) Fire NOC Approved
3.) FM2 Heavy-Duty Flooring
4.) 30 Ft Clear Clear Height
5.) 70 Ft Wide Internal Road
6.) Fire Sprinkler's & Hydrant system installed Ideal for 3PL, Logistics, E-commerce, FMCG & Distribution. Excellent infrastructure for smooth operations and efficient movement of goods. Call now on 7697555552
Address: Beni Cold Storage, Village: Girodh, Ring Road No. 3, Dharsiwa, Raipur -493111 (C.G.) (आरो-820)

हरिभूमि

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 7988465321, 7988465321. (आरो-049)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 PER SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

पेज एक के शेष

सीएम हाउस में सजा गांव,...

नेताम ने कहा, हरेली छत्तीसगढ़ की खेती-किसानी, हरियाली और प्रकृति के प्रति आस्था का महापर्व है। हमारी संस्कृति प्रकृति के संरक्षण, पशुधन के सम्मान और अन्नदाता के श्रम के प्रति आदर का संदेश देती है। किसान समृद्ध होगा तो प्रदेश और देश दोनों समृद्ध होंगे।

बस्तर जा रही मुंबई की बाइक ...

से बस्तर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जगतरा घाटी के पास रिद्धि ठक्कर हादसे का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक रिद्धि ठक्कर मुंबई के कांदिवली वेस्ट की रहने वाली थीं और बाइक राइडिंग की शौकीन थीं।

हादसा इतना गंभीर था कि उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद अन्य बाइक राइडर्स ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे के कुछ घंटे पहले ही रिद्धि ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा कर 'लेट्स एक्सप्लोर बस्तर ' लिखा था।

झीरम हमले में अब फैसले की घड़ी...

फैसला सुनाने के लिए 31 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। 10 अगस्त से शुरू हुई अंतिम बहस तीन दिन चली और बुधवार सुबह 11 बजे से बचाव पक्ष की दलीलें प्रस्तुत करने के बाद अभियोजन पक्ष ने रिपीटर दलीलें भी प्रस्तुत की। दोपहर चायकाल तक बहस पूरी होने के बाद अब झीरम कांड की चली सुनवाई का फैसला एनआईए कोर्ट ने सुरक्षित रखा है। न्यायालय द्वारा 31 अगस्त को फैसला सुनाने ऑर्डर शीट में तारीख तय कर दिया गया है। कोर्ट में अभियोजन पक्ष के वकील दिनेश पानिग्राही और बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने अंतिम बहस में हिस्सा लिया।

27 की मौत 35 घायल...

घायल होने की बात कही गई। इस मामले में 4 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा 150 से 200 अन्य माओवादियों को भी आरोपी बनाया गया। एनआईए ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें से एक की मौत हो चुकी है।

बचे 10 के खिलाफ जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित एनआईए की विशेष अदालत में यह मामला चल रहा था। नक्सलियों के हमले में कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व खत्म हो गया था। उस वक्त कांग्रेस पार्टी ने वर्तमान बीजेपी सरकार पर सुपारी किलिंग कराने का आरोप लगाया था। इस हमले में तत्कालीन पीसीसी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा सहित अन्य बड़े कांग्रेसी नेताओं के अलावा सुरक्षाबलों के जवान व आम नागरिकों को भी नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

अधजले नोटों का मालिक कौन...

अपने आवास के स्टोर रूम में मिली नकदी और उसके स्वामित्व को लेकर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे। जांच समिति के अनुसार, न्यायमूर्ति वर्मा का स्पष्टीकरण 'टालमटोल वाला और असंतोषजनक' रहा। समिति ने कहा कि उनके स्पष्टीकरण में स्पष्टता, पारदर्शिता और संस्थागत जिम्मेदारी का भाव नहीं दिखा। समिति ने यह भी कहा कि घटनास्थल से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य सुरक्षित या संरक्षित नहीं किए गए और आवास के स्टोर रूम में कुछ फेरबदल किया गया था। इस तीन सदस्यीय जांच समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी थी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 12 अगस्त 2025 को, न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले की जांच के लिए इस समिति का गठन किया था।

रायपुर के तीन युवकों की ...

चप्पल फेंक अपनी भड़ास निकाली। धमतरी के ग्राम भोयना के अन्नपूर्णा ढाबा के पास बीते वर्ष रायपुर के तीन युवक आलोक सिंह ठाकुर, नितिन टांडी व सुरेश हियाल की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस तिहरे हत्याकांड का गुरुवार को धमतरी में फैसला सुनाया जाना था। अपने बेटों के कातिलों की सजा को जानने मृतक के परिजन न्यायालय पहुंचे थे। न्यायालय द्वारा प्रकरण में शामिल 8 आरोपियों में से 5 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं 3 नाबालिग आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष विधिवत कार्रवाई की गई। सजा सुनाए जाने के बाद सुरक्षा में तैनात पुलिस पांचों आरोपियों को जेल ले जाने न्यायालय से निकाल वाहन तक ले जा रही थी। इसी दौरान न्यायालय से बाहर मौजूद मृतकों के परिजनों ने अपने बेटों की हत्या करने वालों को देख अपना नियंत्रण खो दिया। आरोपियों को देख परिजन बिफर गए। अभियुक्तों को गालियां देते हुए गुस्से में चप्पल तक फेंकी। परिजनों ने आरोपियों पर हमले की कोशिश की। परिजनों के अचानक उग्र हो जाने से न्यायालय के बाहर हंगामा मच गया। सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान किसी तरह आरोपियों को बचाते हुए सुरक्षित वाहन तक पहुंचाकर जेल ले गए।

जहां तिरंगा थामने पर हाथ काटे जाते...

विजय शर्माः मुख्यमंत्री जी का निर्देश है और वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन है इसमें कि इस तरीके से बस्तर में काम करते हुए भी जब इतना समय हो गया और यह परिणाम निकल कर आया है, तो इसके सुदृढ़ीकरण के लिए, इसकी पुनर्स्थापना के लिए यह अभियान हमको करना चाहिए। इसकी जिम्मेवारी मुझे ही सौंपी गई, तो मैं इधर हूँ। वैसे सारे ही नेतागण अपने स्थानों के साथ-साथ किसी न किसी और स्थान पर भी सम्मिलित हुए।

0ः हम रूट देख रहे थे नारायणपुर से लेकर आप बीजापुर के उरेगुट्टा पहाड़ी तक जा रहे हैं, यह परिकल्पना कब आई? यह 31 स्थान जो आपने चिन्हित किए हैं, किस आधार पर चिन्हित किए हैं?

विजय शर्माः यह वही स्थान हैं जैसे आपको याद होगा टेकलगुड़ा में 2021 में यह हुआ था कि हमारे 22 जवान शहीद हुए थे। आपको ध्यान होगा कि सिलगेर वह स्थान है जहाँ पर कैंप लगाना कभी मुश्किल हुआ करता था। जगरगुंडा तो आपको ध्यान है उनकी राजधानी हुआ करती थी और जगरगुंडा पूरा चारों तरफ से कट गया था। वह एशिया का सबसे बड़ा इमली बाजार हुआ करता था, परंतु वह बाजार समाप्त हो गया था। अब वह भी बाजार गुलजार हुआ है। ऐसे ही आपको चिंतलनार की आवश्यक जानकारी है, वहाँ पर क्या हुआ था। ताड़मेटला को हम कभी जीवन में नहीं भूल सकते हैं और ऐसे ही मणिकोंटा, एर्राबोर... एर्राबोर में आपको ध्यान है वह 8 महीने के दूधमुहे बच्चे की तस्वीर आज भी आपको इंटरनेट पर तैरती मिलेगी, जिसको जला दिया गया था। इसी के लिए इन सारे ही स्थानों का चयन किया गया है।

0 तो सुरक्षा के दृष्टिकोन से क्या तैयारी है?

विजय शर्माः ...मार्गदर्शन, आशीर्वाद केंद्रीय गृह मंत्री का, मुख्यमंत्री जी का भी रहा है इसमें।

0ः इसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता, क्योंकि मूलतः तो एहसास उनके अंदर आना चाहिए। इसके संदर्भ में संगठनात्मक दृष्टि से भी कोई तैयारी है? सरकार के मंत्री तो आप बाद में बने। आपकी मूलतः पहचान तो भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और फिर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री के तौर पर रही। संगठन की कोई सहभागिता है या सरकार भरोसे यह यात्रा है?

विजय शर्माः नहीं, बस्तर तिरंगा यात्रा यह सबकी यात्रा है। इस... तिरंगा यात्रा में सरकार ने भी, प्रशासन ने भी सहयोग करने का ठाना है, क्योंकि यह सबकी यात्रा है। इसमें दूसरे राजनीतिक दलों से भी निवेदन किया है कि आप भी आ जाएं, आप भी इसमें सम्मिलित हों। इसमें समाज के प्रमुख भी सम्मिलित हो रहे हैं। इसमें ऐसे लोग जो नक्सल पीड़ित रहे हैं, वह भी सम्मिलित हो रहे हैं। राजनीतिक पार्टी के सारे ही राजनीतिक पार्टी के लोगों से आग्रह किया गया है, तो सब सम्मिलित हो रहे हैं। हमारे भी संगठन के लोग इसमें सम्मिलित हो रहे हैं।

0 आपने कहा यह सबकी यात्रा है, यह केवल सरकार की नहीं या भाजपा की यात्रा नहीं है। अगर सबकी यात्रा है तो हम इसके रूट को देख रहे थे, 31 स्थान आपने चयनित किए हैं जो नक्सली हिंसा के संदर्भ में प्रतीक रहे हैं या नक्सली घटनाओं के साक्षी रहे हैं। पर एक बड़ा नरसंहार... जो इस क्षेत्र के संदर्भ में रहा था... वह था झीरम, झीरम घाटी। उसका कहीं उल्लेख नहीं दिख रहा है। तो झीरम घाटी से परहेज क्यों रख लिया विजय जी?

विजय शर्माः इस रूट पर नहीं पड़ा। 15 तारीख को झीरम में जाकर के हमारे प्रदेश के नेतृत्वकर्ताओं को, उन शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 15 तारीख को अलग से जाना पड़ेगा, क्योंकि इस रूट पर नहीं आ पाया वह, और कोई बात नहीं है। तो 15 तारीख को ध्वजारोहण का कार्यक्रम मेरा यहीं जगदलपुर में है, मुख्यालय में है और ध्वजारोहण के उपरांत उस स्थान पर झीरम पर जाकर के पुष्पांजलि अर्पित करना है। यह बिल्कुल बात मन में है, कोई विषय ही नहीं है।

0 तो आपने इस यात्रा की शुरुआत नारायणपुर से ली। समापन... बीजापुर इलाके के कारेगुट्टाला पहाड़ी के संदर्भ में रखा। यह शुरुआत और अंत के संदर्भ में कोई खास वजह जो आप हमारे पाठकों से साझा करना चाहें, विजय शर्मा जी? कहीं से भी शुरू कर सकते थे, पर यहां से क्यों? और समापन वहां पर क्यों?

विजय शर्माः नारायणपुर जिला पहले ही नक्सल मुक्त हो चुका है। बस्तर जो जिला है, वह प्रायः नक्सल मुक्त ऐसा है। हमारा नारायणपुर विशेष रूप से उसमें अबूझमाड़ का क्षेत्र, उसके बाद सुकमा और बीजापुर तीनों ही जिले सर्वाधिक नक्सल प्रभावित रहे हैं और उसमें दंतेवाड़ा का भी एक क्षेत्र रहा है। तो यह सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जो क्षेत्र रहे हैं, जो जिले रहे हैं और जो रास्ता रहा है, बस उसी को लेकर के इस यात्रा को डिजाइन किया गया है पूरा।

केदार कश्यप से सवाल-जवाब

0 विजय शर्मा जी तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम लेकर आपके क्षेत्र में पहुंचे? नारायणपुर तो प्रत्यक्ष आपका क्षेत्र है, क्योंकि यहां से आप विधायक हैं। पर यूं तो पूरे बस्तर में ही आपकी पहचान है, आपके परिवार की पहचान है। कितने उत्साहित हैं आप?

केदार कश्यपः बहुत ही ऐतिहासिक पल और निश्चित रूप से आजादी के अमृत काल के अवसर पर हम सब के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारा बस्तर जो पहले नक्सलवाद के दंश, जो लगभग 50 वर्षों की उस पीड़ा को सहा और उन क्षेत्रों में जहां पर पहले तिरंगा लगाने से उनके हाथ काट दिए जाते थे या फिर उनकी शहादत हो जाती थी। देश का प्यारा तिरंगा वहां पर लहराएगा। और जो... पहले नक्सलगढ़ के रूप में जाना जाता था या फिर उनके नक्सलियों के राजधानी के रूप में जाना जाता था।

0 आप तो सरकार का हिस्सा लंबे समय तक रहे हैं, तकरीबन 18 साल आपको मंत्री के तौर पर हो रहे हैं। आपको कल्पना थी कि ऐसा दिन आ जाएगा कि इस प्रकार की यात्रा जो है... विजय शर्मा जी लेकर आएंगे और उस यात्रा में आप सहभागिता करेंगे और हजारों लोग उसमें शामिल हो पाएंगे? पहले तो तिरंगे के मौके पर चार आदमी भी इकट्ठे नहीं होते थे। कितने अचंभे की, कितने हैरत की बात है?

केदार कश्यपः जिस दिन से हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी हमारे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो संकल्प लिया कि आने वाले दो वर्षों के भीतर में 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त हमारा यह पूरा बस्तर, हमारा पूरा देश होगा। उस दिन से न केवल हमारा, बल्कि यहाँ की जनता को विश्वास हो गया कि अब नक्सलवाद से मुक्त करने से कोई नहीं रोक सकता और लोगों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया।

राशिफल

मेष — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

ऊर्जा सुरक्षा को लेकर विदेश मंत्रालय का आश्वासन

27 से बढ़कर 41 देशों से कच्चे तेल का आयात, नए सहयोगी भी बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न व्यवधानों के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से तेल आयात करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि देश की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा किया जा सके।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा का मूल उद्देश्य देश के 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा का आधार हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करना है, यानी 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को सुरक्षित करना।

एलएनजी आयात अब 15 देशों से



रणधीर जायवाल

जायसवाल ने कहा कि भारत ने अपने एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) आयात के स्रोत भी 6 देशों से बढ़ाकर 15 देश कर दिए हैं। इनमें अमेरिका अब एलएनजी आयात का एक प्रमुख स्रोत बन गया है। भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी भी काफी बढ़ी है। जुलाई में रूस से होने वाला आयात देश के कुल तेल आयात का आधे से अधिक रहा। वहीं, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े जोखिमों की नियमित निगरानी की जाती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनिया मिलकर वैश्विक बाजार का लगातार आकलन करते हैं।

85 प्रतिशत से अधिक आयात

भारत अपनी कच्चे तेल की कुल जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखना और ऊर्जा के कई स्रोतों तक पहुंच सुनिश्चित करना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

महाराष्ट्र : हाईवे किनारे ढाबा-रेस्टोरेंट खोलना पड़ेगा भारी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने नेशनल हाईवे के किनारे बने अवैध ढाबों, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक ढांचों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है। राज्य सरकार ने शहरी निकायों को 60 दिनों के भीतर नेशनल हाईवे की राइट ऑफ वे यानी सरकार द्वारा अधिग्रहित और आरक्षित जमीन पर बने सभी नए और पुराने बिना लाइसेंस वाले ढांचों को हटाने और गिराने का निर्देश दिया है। साथ ही इस क्षेत्र में नए ढाबे, खाने-पीने की दुकानें या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने पर भी रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के सड़क सुरक्षा से जुड़े निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में नेशनल हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था में कथित खामियों को लेकर मामले का संज्ञान लिया था।

इंडिगो फ्लाइट के इंजन में खराबी चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग

224 यात्री सवार थे; पायलट को इंजन फेल होने का अंदेशा



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई एयरपोर्ट पर मंगलवार देर रात एक इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट कोलकाता से चेन्नई आ रही थी। फ्लाइट चेन्नई में लैंड करने वाली थी, तभी पायलट ने महसूस किया कि बायां इंजन फेल हो गया है। उसने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद चेन्नई एयरपोर्ट पर रात 11:29 बजे फुल इमरजेंसी घोषित की गई। इसके बाद फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में 224 लोग सवार थे।

इंजन में खराबी के कारणों की जांच शुरू : इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम एक्टिव करने के बाद फ्लाइट ने रात 11:37 बजे रनवे-25 पर सुरक्षित लैंडिंग की। विमान में सवार सभी 224 लोग सुरक्षित रहे और किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। विमान के सुरक्षित उतरने के करीब 10 मिनट बाद 11:47 बजे फुल इमरजेंसी वापस ले ली गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक घटना के बाद चेन्नई एयरपोर्ट का सामान्य संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

लैंडिंग से ठीक पहले एटीसी को अलर्ट मिला

एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट 6E-723 रात 9:15 बजे कोलकाता से रवाना होनी थी, लेकिन यह करीब 25 मिनट की देरी से रात 9:39 बजे रवाना हुई। विमान को रात 11:30 बजे चेन्नई पहुंचना था। रनवे पर उतरने से ठीक पहले पायलट को एहसास हुआ कि बाएं इंजन में खराबी आ गई है। इसके बाद पायलट ने एटीसी को अलर्ट किया।

बंगाल : चुनावी हिंसा में आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। सीबीआई ने 2021 की चुनाव बाद हिंसा में हत्या के मामले में वांटेड आरोपी गोपाल दास उर्फ विशाल पॉल को गिरफ्तार किया है। उसे पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना के रवींद्रनगर से पकड़ा गया।

पाकिस्तानी पत्रकार के दावे से हड़कंप

पूर्व पीएम इमरान खान की जेल में मौत, सेना के सूत्रों ने बताया

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत हो चुकी है। यह दावा एक वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकार वजाहत सईद खान ने किया है। खान ने अपने दावे में कहा है कि सेना के तीन वरिष्ठ सूत्रों ने उन्हें बताया कि उन्हें लगता है कि इमरान की जेल में मौत हो सकती है। मंगलवार को ही इमरान खान के परिवार और उनकी पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) के सहयोगियों ने शिकायत की कि पूर्व पीएम की सेहत को लेकर चिंता के बावजूद उन्हें उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के सीएम और पीटीआई नेता सोहेल अफरीदी ने दावा किया है कि 20 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के युवाओं में पनप रहे गुस्से को संभालना मुश्किल हो सकता है खासकर उस 'हाइब्रिड शासन' के लिए जिसके मुखिया सीडीएफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर हैं। पीटीआई ने 27 सितंबर को इस्लामाबाद तक एक लंबा मार्च निकालने का ऐलान किया है साथ ही धमकी दी है कि अगर इमरान के परिवार और डॉक्टरों को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी गई, तो वे उससे पहले भी विरोध-प्रदर्शन कर सकते हैं। पूर्व पीएम इमरान खान 5 अगस्त, 2023 से जेल में हैं। वे 190 मिलियन पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को पत्र लिखकर इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की हिरासत की स्थितियों का मुद्दा सीधे इस्लामाबाद के सामने उठाने को कहा है।



पूर्व पीएम इमरान खान

आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रोशन परवीन पिता असहाबुद्दीन पति अब्दुल रशीद वगैरह निवासी कांकेर तहसील व जिला कांकेर छ.ग. से उनके अधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि जो ग्राम बरारी प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. यद तहसील व जिला धमतरी स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर क्रमशः 246, 247 रकबा क्रमशः 0.0300, 0.4700 हेक्टेयर है कुल रकबा 0.5000 हेक्टेयर है। जिसका पक्का सौदा तय कर अग्रिम ब्याना राशि दिया जा चुका है जिसका केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिन के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपना आपत्ति, आपत्ति के आधारों सहित लिखित में दर्ज करा देवें। अन्यथा म्याद उपरान्त की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार से कर्ज भारों एवं विवादों से मुक्त मानकर क्रेता के पक्ष में पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करा दी जावेगी। सूचना जाने। उक्त सूचना सद्भावना पूर्वक प्रकाशित की गई है।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

स्थान :- धमतरी
दिनांक :- 11.08.2026

भवदीय
तोषण कुमार साहू अधिवक्ता धमतरी
तहसील कार्यालय धमतरी
मो.नं. 8305239147

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर
बी.टी.आई ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492007
ईमेल आईडी: rcraipur@nios.ac.in, वेबसाईट: www.nios.ac.in
फोन : 0771-2442167/47

एनआईओएस से माध्यमिक (10वीं) और उच्चतर माध्यमिक (12वीं) स्तर के असफल शिक्षार्थियों के लिए दरवाजे खुले

एक बहुमूल्य साल बचाएं !

एनआईओएस भारत सरकार के राष्ट्रीय बोर्ड में से एक है और इसे अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है । एनआईओएस असफल शिक्षार्थियों के लिए स्ट्रीम-2 के अंतर्गत माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में अपने वेब पोर्टल www.nios.ac.in । शिक्षार्थी पोर्टल sdmis.ac.in द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रदान कर रहा है ।

स्ट्रीम-2 प्रवेश आरंभ
01.05.2026 से 17.08.2026 तक
(प्रवेश की अंतिम तिथि: 17.08.2026)

सार्वजनिक परीक्षा
अक्टूबर 2026

सुविधाएँ : क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) : शिक्षार्थी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण किए गए अधिकतम 2 विषयों के टीओसी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं ।

विश्व की सबसे बड़ी मुक्त शिक्षा प्रणाली

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर निम्नलिखित कार्यों को पूरा करने के लिए ई–टेंडर आमंत्रित करते हैं:–

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा सूचना संख्या	अनुमानित निविदा मूल्य (₹)	बयाना राशि (₹)
1.	ADEN/NAB के अधिकार क्षेत्र में AJU और AWH यार्ड में यार्ड ड्रेन की व्यवस्था करना।	S/16/NAG/2026-2027	2,24,24,096.34	4,48,500/-
2.	DEN/South/NGP के अधिकार क्षेत्र में पॉइंट और क्रॉसिंग, SEJs आदि के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग इंडिकेटर बोर्ड की सप्लाई और उन्हें लगाना।	S/17/NAG/2026-2027	97,45,767.78	1,94,900/-
3.	DEN (South)/NGP के अधिकार क्षेत्र में एडवांस्ड ट्रॉली का उपयोग करके सभी यार्ड्स की माप करना।	S/18/NAG/2026-2027	1,24,15,831.79	2,48,300/-

ऊपर दिए गए सभी निविदाओं के लिए, निविदादाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल 04.09.2026 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

PAM/32/76 मंडल अभियंता (दक्षिण)/द.पू.म. रेलवे/नागपुर

South East Central Railway @secrail

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
क्लेम प्रकरण क्रमांक 379/2025
प्रोसेस क्र. 484/2026
पेशी दिनांक 31/08/2026
न्यायालय- दीपक कुमार कोशले, पंचम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक-गुरजीत सिंह
अनावेदक-सुनील कुमार यादव व अन्य
बनाम
1-सुनील कुमार यादव आत्मज शिवनारायण यादव उम्र 24 वर्ष, पता:- i - केयर ऑफ आनंद साव आत्मज किशुन साव उम्र 36 वर्ष, हाउस नंबर 315, शास्त्री नगर, कैप 1, भिलाई, वार्ड नंबर 19 दुर्ग छत्तीसगढ़, 490023
ii- केयर ऑफ हैदराबाद रायपुर रोडवेज, शॉप नंबर 8, करमजीत कॉम्प्लेक्स, रायपुर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ जिला रायपुर
iii-बिहाइंड- कालीबाड़ी, चंगोराभाठा रायपुर छत्तीसगढ़, 492013, 2-आनंद साव आत्मज किशुन साव उम्र 36 वर्ष, पता i-हाउस नंबर 315, शास्त्री नगर, कैप1, भिलाई, वार्ड नंबर 19, दुर्ग, 490023
*ii-केयर ऑफ- हैदराबाद रायपुर रोडवेज, शॉप नंबर 8, करमजीत कॉम्प्लेक्स, रायपुर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ जिला रायपुर
क्योंकि आवेदक ने आपके विरुद्ध रकम की वसूली रु. 01,16,21,200/- राशि वसूली का वाद प्रस्तुत किया है आपको इस सगंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 31/08/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । दिनांक- 31/08/2026 को अवकाश घोषित हो जाने पर उसकी सुनवाई आगामी कार्य दिवस (Next Working Day) पर की जायगी।
दिनांक 01/08/2026 को न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
(दीपक कुमार कोशले)
पंचम मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण जिला- दुर्ग (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6316



बैंगलार

बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी

खबर संक्षेप

सीतापति के इस्तीफे से गिरे गोदरेज कंज्यूमर के शेयर

नई दिल्ली। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का शेयर 10 प्रतिशत गिरकर लोअर सर्किट पर पहुंच गया। यह गिरावट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुधीर सीतापति के इस्तीफे के बाद आई। उनके अचानक इस्तीफे से कंपनी में काम करने के तरीके और लीडरशिप में बदलाव को लेकर चिंताएं पैदा हो गईं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का शेयर 10 प्रतिशत गिरकर 922.5 रुपए पर आ गया, लेकिन बाद में गिरावट कम होकर 9 प्रतिशत रह गई।

युलु ने 'सीरीज सी' के जरिए जुटाए 9.3 करोड़ रुपए



मुंबई। इलेक्ट्रिक परिवहन मंच युलु ने 'सीरीज सी' वित्त पोषण चक्र के तहत 9.3 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उसकी योजना अगले दो साल में अपने इलेक्ट्रिक वाहन के बेड़े को चार गुना बढ़ाकर दो लाख करने, सेवा केंद्र का विस्तार करने, रणनीतिक व्यावसायिक साझेदारियों को और मजबूत करने के साथ ही बाजार में सूचीबद्ध होने की योजनाओं को तेज करने की है।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 10 अगस्त तक 23% बढ़ा नई



दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 10 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 23.09 प्रतिशत बढ़कर 8.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 19.83 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.70 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, व्यक्तिगत आयकर समेत गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह 23 प्रतिशत बढ़कर 5.07 लाख करोड़ रुपये हो गया।

आरडी इंडस्ट्रीज 39 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। आरडी इंडस्ट्रीज का शेयर अपने 53 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 39 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 73.60 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 38.86 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 35.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

मैन इंडस्ट्रीज का मुनाफा दोगुना होकर 61.43 करोड़



नई दिल्ली। मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर दोगुने से अधिक होकर 61.43 करोड़ रुपये रहा। 2025-26 की पहली (जून) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 27.62 करोड़ रुपये था। एकीकृत आय सालाना आधार पर 747.40 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,064.96 करोड़ रुपये हो गई।

चंद्रशेखरन के इस्तीफे से टाटा की कंपनियों को 68 हजार करोड़ रुपए का झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने अपने मौजूदा कार्यकाल के बाद दोबारा चेयरमैन पद के लिए नाम आगे नहीं रखने का फैसला किया है।

- समूह की कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 68 हजार करोड़ रुपए की कमी आई

हालांकि वह तत्काल पद नहीं छोड़ेंगे और फरवरी 2027 तक अपने मौजूदा कार्यकाल को पूरा करेंगे। उनके उत्तराधिकारी को लेकर फिलहाल तस्वीर साफ नहीं है। चंद्रशेखरन ने 1987 में टाटा समूह के साथ अपना सफर शुरू किया था। 2009 में वह टीसीएस के सीईओ बने और 2017 में टाटा संस के चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने एविएशन, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, बैटरी और डिजिटल कारोबार समेत कई नए क्षेत्रों में बड़े निवेश किए।

टाटा संस के चेयरमैन ने दोबारा पद के लिए नाम नहीं रखने का फैसला लिया

टाटा के शेयरों में आई गिरावट

बीएसई पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में 3.71 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में 2.44 प्रतिशत, टाटा एलेक्सी में 2.23 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में 1.92 प्रतिशत और टाटा स्टील में 1.57 प्रतिशत की गिरावट आई। रैलिस इंडिया का शेयर 0.95 प्रतिशत, ट्रेंट 0.86 प्रतिशत, टाटा पावर 0.53 प्रतिशत, इंडियन होटल्स कंपनी 0.52 प्रतिशत और टाटा कम्युनिकेशंस 0.37 प्रतिशत टूटा। टाइटन के शेयर में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।



टाटा समूह के सामने चुनौतियां! : चंद्रशेखरन का फैसला ऐसे समय आया है जब एयर इंडिया, टीसीएल और जगुआर लैंड रोवर समेत समूह की कई कंपनियां अलग-अलग कारोबारी चुनौतियों से गुजर रही हैं। अब बाजार की नजर 18 अगस्त की एजीएम और नए चेयरमैन के नाम पर होगी।

टाटा की कंपनियों को 68 हजार करोड़ का झटका

: चंद्रशेखरन के फैसले का असर आज शेयर बाजार में भी देखने को मिला। टाटा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में व्यापक गिरावट रही और समूह की कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में करीब 68 हजार करोड़ रुपए की कमी आई। टीसीएस सबसे ज्यादा प्रभावित शेयरों में रहा, जिसमें करीब 4.8 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। टाइटन, टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाटा पावर और इंडियन होटल्स समेत कई अन्य शेयर भी दबाव में रहे। हालांकि कुछ टाटा कंपनियों के शेयरों में तेजी भी देखने को मिली।

टाटा समूह में अंदरूनी मतभेद

चंद्रशेखरन के पुनर्नियुक्ति को लेकर टाटा संस और टाटा ट्रस्ट के बीच पिछले कुछ समय से मतभेद की खबरें सामने आती रही हैं। बाजार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा की ओर से टाटा संस की भविष्य में लिस्टिंग नहीं करने समेत कुछ शर्तों पर चर्चा हुई थी। बोर्ड प्रतिनिधित्व और समूह की भविष्य की रणनीति को लेकर भी मतभेद बताए गए। हालांकि, इन मुद्दों पर टाटा समूह की ओर से विस्तृत आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। टाटा संस, टाटा समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी है और इसके तहत टीसीएस, टाटा मोटर्स,एयर इंडिया समेत 30 से अधिक कंपनियां आती हैं।

महंगाई लगातार दूसरे महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर

खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्याज और अदरक समेत रसोई में इस्तेमाल होने वाली जरूरी वस्तुओं के महंगे होने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके साथ ही महंगाई लगातार दूसरे महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून में 4.38 प्रतिशत थी। जुलाई में दर्ज महंगाई दर जनवरी से लागू 2024 आधार वर्ष वाली नई श्रृंखला में अब तक का उच्चतम स्तर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.52 प्रतिशत हो गई, जो जून में 5.32 प्रतिशत थी।

रसोई में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के महंगे होने से बढ़ी महंगाई

ईंधन और खाद्य वस्तुओं की वजह से बढ़ी महंगाई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि ऊंची महंगाई मुख्य रूप से ईंधन और खाद्य वस्तुओं की वजह से है तथा अभी तक कीमतों में व्यापक स्तर पर बढ़ोतरी के बहुत कम संकेत हैं। कीमती धातुओं को छोड़कर अन्य वस्तुओं की कीमतों में होने वाली मूल मुद्रास्फीति अब भी कम बनी हुई है।



जुलाई में प्याज 22.54 प्रतिशत हुई महंगी



जुलाई में प्याज की महंगाई दर बढ़कर 22.54 प्रतिशत हो गई, जो जून में 4.73 प्रतिशत थी। अदरक की कीमतों में वृद्धि की दर भी बढ़कर 83.62 प्रतिशत हो गई। लहसुन की महंगाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दूसरी ओर, आलू, भिंडी, मटर और टमाटर की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

निकट अवधि में खुदरा महंगाई और बढ़ सकती है

मल्होत्रा ने कहा था कि पहले लगाए गए अनुमान के अनुसार निकट अवधि में खुदरा महंगाई और बढ़ सकती है तथा वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में इसका स्तर सबसे ऊंचा हो सकता है। इसके बाद इसमें कमी आने की उम्मीद है। यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य और ईंधन की कीमतों के कारण होगी। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआई आधारित महंगाई का अनुमान पांच प्रतिशत रखा है, जो जून के अनुमान से मामूली कम है।

आने वाले महीनों में बढ़ सकती है महंगाई

खाद्य महंगाई में प्रतिकूल आधार प्रभाव, खाद्य तेलों की ऊंची कीमतें, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती का असर कम होना और खासकर परिवहन लागत में कच्चे माल की लागत का धीरे-धीरे उपभोक्ताओं तक पहुंचना आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ा सकता है।/"

ईंधन की कीमतों का असर उपभोक्ताओं पर

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि ईंधन की कीमतों का असर उपभोक्ताओं पर स्पष्ट दिखाई दिया। परिवहन की कीमतों में जुलाई में 4.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जून में 4.31 प्रतिशत और मई में 1.75 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि रेस्तरां और आवास सेवाओं की कीमतों में जुलाई में 7.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जून में 6.91 प्रतिशत और मई में 5.75 प्रतिशत थी।

एयरटेल ने 299 रुपए के लोकप्रिय प्लान समेत चार प्रीपेड प्लान बंद किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने 299 रुपये, 579 रुपये, 619 रुपये और 649 रुपये वाले चार प्रीपेड प्लान हटा दिए हैं जिसके बाद 299 रुपये का लोकप्रिय प्लान चुनने वाले ग्राहकों के लिए अब 349 रुपये वाला महंगा विकल्प ही रह गया है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, एयरटेल का यह कदम दूरसंचार उद्योग में शुल्क बढ़ोतरी की संभावित शुरुआत का संकेत है। दूरसंचार कंपनियों का इस समय प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़ाने पर विशेष ध्यान बना हुआ है। एयरटेल ने प्रीपेड प्लान में किए गए बदलाव के बाद 199 रुपये और 219 रुपये वाले शुरुआती प्लान में कोई बदलाव नहीं किया है। लेकिन 299 रुपये वाला प्लान हटने से उसके ग्राहकों को अब 349 रुपये का प्लान लेना होगा, जो करीब 16 प्रतिशत महंगा है। इस 349 रुपये के प्लान में असीमित 5जी डेटा की सुविधा है। हालांकि, एयरटेल ने प्रीपेड प्लान में किए गए बदलावों के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। लेकिन मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि यह कदम एआरपीयू में लगातार वृद्धि करने की कंपनी की पहल का हिस्सा है।

सूत्रों ने कहा कि 299 रुपये वाले प्लान के ग्राहक अक्सर निर्धारित डेटा खत्म होने के बाद अतिरिक्त डेटा खरीदते या दोबारा रिचार्ज कराते थे। इसके मुकाबले 349 रुपये के प्लान में असीमित 5जी डेटा मिलता है।

एआरपीयू बढ़कर 264 रुपए

एयरटेल इंडिया का एआरपीयू चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 5.6 प्रतिशत बढ़कर 264 रुपये हो गया, जो उद्योग में सबसे अधिक है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 250 रुपये था।

शेयर बाजार में रही गिरावट बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 36 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन द्वारा मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति नहीं लेने की घोषणा से टाटा समूह के शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.90 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,966.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 656.32 अंक तक टूटकर 77,497.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 35.75 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.95 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में प्रमुख हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी टीसीएस का शेयर 3.71 प्रतिशत टूटा। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने घोषणा की है कि फरवरी 2027 में मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पद पर दोबारा नियुक्ति नहीं लेंगे। 63 साल के चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के साथ 40 साल बिताए हैं। इस दौरान वह 2009 से 2017 तक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी रहे।



- सेंसेक्स 188 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

घरेलू बाजार में रही व्यापक बिकवाली

नायर ने कहा कि टाटा समूह के शेयरों पर चेयरमैन के पद छोड़ने की खबर का दबाव रहा। इससे बड़ी कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन व्यापक बाजार (छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक) की तुलना में कमजोर रहा। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं सीईओ हरीसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक स्तर पर बिकवाली देखने को मिली।

- सेबी के चेयरमैन ने नई व्यवस्था अपनाने का किया आग्रह
- ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और जापान समेत कई देशों ने अपनाई है व्यवस्था

शेयर बाजार के समापन नीलामी सत्र में नहीं मिली कोई हेराफेरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि हाल में शुरू किए गए समापन नीलामी सत्र (सीएएस) में नियामक को अब तक किसी तरह की हेराफेरी देखने को नहीं मिली है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने यहां एक कार्यक्रम से इतर व्यापक बाजार प्रणाली से नई व्यवस्था को समझने और इसे अपनाने का आग्रह किया। पांडेय ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और जापान समेत कई देशों के शेयर बाजार दो साल से अधिक समय से इसी तरह की व्यवस्था अपना रहे हैं जबकि भारत इस मामले में अपने समकक्षों से पीछे है। पांडेय ने कहा कि तीन अगस्त से शुरू की गई यह व्यवस्था निष्क्रिय निवेशकों, म्यूचुअल फंड के लिए सही शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) तय करने और सूचकांक आधारित निवेशकों के लिए उपयोगी है। सीएएस कारोबार समाप्त होने के बाद की एक नीलामी प्रक्रिया है, जिसमें खरीद और बिक्री के सौदों के आधार पर शेयरों की अंतिम कीमत तय की जाती है। इसका उद्देश्य बंद भाव को अधिक पारदर्शी तरीके से निर्धारित करना है। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में देर से होने वाले कारोबार के जरिये हेराफेरी का जोखिम था। यह पूछे जाने पर कि क्या सेबी ने नई व्यवस्था में किसी तरह की हेराफेरी देखी है।



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने जुटाए 25 करोड़ डॉलर: सीईओ

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कल्याण कुमार ने कहा हैकि बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुरू की गई विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा योजना के तहत 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करते हुए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सीईओ कल्याण कुमार ने यहां फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के सालाना कार्यक्रम के इतर कहा, /"हमने जुलाई के लिए निर्धारित आंतरिक लक्ष्य को पार कर लिया है और एफसीएनआर-बी योजना के तहत 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं।

सोना 2,600 रुपए और चढ़ा, चांदी 4,000 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार सातवें सत्र में तेजी रही। मजबूत वैश्विक रुख और सर्राफा मांग के कारण सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 2,600 रुपये बढ़कर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। तीन अगस्त को इसका भाव 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था, और पिछले सात सत्रों में इसमें 12,400 रुपये या 8.4 प्रतिशत की बढ़त हुई है। चांदी भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में यह 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशकों ने अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों से पहले सुरक्षित निवेश के तौर पर लिवाली बढ़ाई, जबकि पश्चिम एशिया में लगातार भू-राजनीतिक तनाव ने कीमती धातुओं की मांग को समर्थन दिया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और डॉलर में स्थिरता ने भी कीमती धातुओं को समर्थन दिया।



- सोने की कीमतों में लगातार सातवें सत्र में तेजी

बिजनेस साइट

सीआईआई ग्रीन स्टील एंड माइनिंग समिट में कम-कार्बन उत्पादन तकनीक और ऊर्जा दक्षता मंथन



रायपुर। सीआईआई ग्रीन स्टील एंड माइनिंग समिट 2026 के पांचवें संस्करण का बुधवार को नवा रायपुर में शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय समिट का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। आयोजन में सरकार, स्टील एवं माइनिंग कंपनियों, तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कम-कार्बन और भविष्य के लिए तैयार स्टील उद्योग की रणनीति पर चर्चा की। समिट में क्लीन टेक्नोलॉजी, ऊर्जा दक्षता, डिजिटलाइजेशन, कार्बन मैनेजमेंट और सतत खनन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। उद्घाटन सत्र में उद्योग जगत की ओर से सीआईआई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन बजरंग गोयल, वाइस चेयरमैन आनंद सिंघानिया, सीआईआई ईस्टर्न रीजन की स्टील सब-कमेटी के चेयरमैन सिद्धार्थ अग्रवाल तथा सीआईआई छत्तीसगढ़ के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र गोयल ने अपने विचार रखे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को केवल खनिज और स्टील उत्पादन के लिए नहीं, बल्कि ग्रीन एवं वैल्यू-एडेड स्टील के वैश्विक केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास का आकलन अब उत्पादन के साथ पर्यावरणीय स्थिरता से भी होगा। समिट में 2047 के लिए भारतीय स्टील उद्योग की तैयारी, ऊर्जा खपत कम करने में तकनीकी हस्तक्षेप, AI आधारित कार्बन ट्रैकिंग और लो-कार्बन स्टील की अर्थव्यवस्था पर सत्र हुए। सीईओ राउंड टेबल में उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारियों ने तकनीकी निवेश, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और डीकार्बोनाइजेशन के बीच संतुलन पर विचार साझा किए।

नवीकरणीय बिजली से स्टील इकाइयों में 2.4 करोड़ की बचत

छोटी और मध्यम स्टील इकाइयां नवीकरणीय ऊर्जा अपनाकर अपने वार्षिक बिजली बिल में 2.4 करोड़ रुपए तक की कटौती कर सकती है। यह जानकारी सीआईआई ग्रीन स्टील समिट में जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। रायपुर को उन पांच स्टील क्लस्टरों में सबसे अधिक उपयुक्त स्थान के रूप में रैंक किया गया है, जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने के लिए सबसे बेहतर हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि रायपुर की 0.1 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की एकीकृत फर्नेस और री-रोलिंग मिल, जो एक समूह-आधारित(ग्रुप कैप्टिव) मॉडल के तहत 10 मेगावाट के साझा सौर संयंत्र में लगभग 2.7 करोड़ रुपए का निवेश करती है, उसे अपनी बिजली आवश्यकताओं के लिए लगभग 34% कम भुगतान करना पड़ेगा। यह निवेश उसे एक से दो वर्षों के भीतर वापस मिल जाएगा।

अस्थायी नियुक्तियां 15-20 प्रतिशत बढ़ने की संभावना

त्योहारी सीजन में अस्थायी नियुक्तियां बढ़ेगी: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

त्योहारी मौसम के दौरान बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए कंपनियां गोदाम, स्टोर और डिलिवरी से जुड़े विशेष कौशल वाले पदों पर नियुक्तियां बढ़ा रही हैं। इसके कारण इस साल अस्थायी नियुक्तियों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- कंपनियां गोदाम, स्टोर और डिलिवरी से जुड़ी नियुक्तियां बढ़ा रही

टीमलीज सर्विसेज की 'फेस्टिव सीजन वर्कफोर्स रिपोर्ट-2026' के अनुसार, इस त्योहारी मौसम में संगठित खुदरा, ई-कॉमर्स, क्विक कॉमर्स, लॉजिस्टिक, रोजमर्रा के उपभोग का सामान और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्रों में कंपनियां पिछले वर्ष की तुलना में अधिक कर्मचारियों की भर्ती करेंगी।

जरूरत के अनुरूप सटीक भर्ती पर जोर दिया जा रहा

टीमलीज सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम ए ने कहा, ''त्योहारी मौसम में भर्ती अब केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि जरूरत के अनुरूप सटीक भर्ती पर जोर दिया जा रहा है। कंपनियां गति, उत्पादकता और ग्राहक अनुभव को समान महत्व दे रही हैं, जिससे विशेष परिचालन वाले पदों की मांग बढ़ी है।



वाणिज्य क्षेत्रों की मजबूत मांग से उम्मीदे बढ़ी

ई-कॉमर्स, खुदरा, लॉजिस्टिक और फटाफट सामान पहुंचाने यानी त्वरित वाणिज्य क्षेत्रों की मजबूत मांग के कारण हमें उम्मीद है कि अस्थायी नियुक्तियां पिछले वर्ष की तरह 15-20 प्रतिशत बढ़ेंगी। संचालन सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन, उनकी नियुक्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया और प्रशिक्षण पर अधिक निवेश कर रही हैं।

वेतन में 8 से 10 फीसदी वृद्धि संभव: रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की दूसरी छमाही में इस तरह के कर्मचारियों के वेतन में आठ से 10 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। हालांकि, श्रम कानूनों में बदलाव के कारण कर्मचारियों के हाथ में आने वाला वास्तविक वेतन पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है।

कौशल वाले कर्मचारियों की नियुक्ति पर जोर

रिपोर्ट कहती है कि कंपनियां अब केवल बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भर्ती करने के बजाय गोदाम, स्टोर और ऑर्डर आपूर्ति से जुड़े विशेष कौशल वाले कर्मचारियों की नियुक्ति पर अधिक जोर दे रही हैं। इसकी वजह लंबा त्योहारी सीजन, ऑर्डर की तेजी से आपूर्ति की बढ़ती अपेक्षाएं और विभिन्न माध्यमों से खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि है।

लॉजिस्टिक और एफएमसीजी क्षेत्रों में रहेगी मांग

यह रिपोर्ट टिकाऊ उपभोक्ता सामान, संगठित खुदरा, ई-कॉमर्स, त्वरित वाणिज्य, लॉजिस्टिक और एफएमसीजी क्षेत्रों में त्योहारी मौसम के दौरान तैनात 60,000 'फ्रंटलाइन' कर्मचारियों के रोजगार रिकॉर्ड तथा टीमलीज के आंतरिक कार्यबल आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया, आज से बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज

एजेंसी ▶▶| डार्विन

ऑस्ट्रेलिया गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलने के अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत करेगा। इस मैच से 2003 के बाद टेस्ट क्रिकेट की ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में वापसी भी होगी। बांग्लादेश का दो दशकों से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया का यह पहला टेस्ट दौरा है।

ऑस्ट्रेलिया का अगले 12 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। इस दौरान वह 20 टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे भी शामिल हैं। अगर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचता है तो इन मैच की संख्या 21 हो जाएगी।



दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया की टीम

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। इसके बाद वह चार टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। वह मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा, जो दोनों देशों के बीच टेस्ट मैचों की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जून में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की एशेज श्रृंखला के साथ उसके इस व्यस्त कार्यक्रम का समापन होगा।



बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे कमिंस-स्टार्क

लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण की धुरी रहे पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन फिर से एक साथ खेलते हुए दिखेंगे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण पिछले कुछ समय से यह चारों एक साथ नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड को तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में लिया गया है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में शामिल हैं।

बांग्लादेश की गेंदबाजी काफी कमजोर

दूसरी तरफ बांग्लादेश की गेंदबाजी काफी कमजोर है। नाहिद राणा, मुस्तफिजुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम तीनों ही पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। शोरिफुल 22 से 26 अगस्त तक क्वींसलैंड के मैकाय में होने वाले दूसरे मैच में वापसी कर सकते हैं। बांग्लादेश का बल्लेबाजी क्रम भी चोटों से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, अनुभवी मुशफिकुर रहीम उंगली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश की बल्लेबाजी की कमजोरी अभ्यास मैच में उजागर हो गई थी जब उसकी टीम केवल 54 रन पर सिमट गई थी।

खबर संक्षेप



डैनी ने प्रोफेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। ससेक्स के ऑलराउंडर डैनी लैंब ने महज 30 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। लैंब ने गर्दन की गंभीर कारण यह फैसला लिया है। लैंब को इस सीजन की शुरुआत में गर्दन में डिस्क हर्नियेशन की समस्या हुई थी, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई। पिछले महीने दाएं हाथ के गेंदबाज की सर्जरी हुई थी, लेकिन उन्हें चोट के असर का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार, मेडिकल सलाह के बाद लैंब को खेल से दूर होने का फैसला लेना पड़ा। इसी के साथ डैनी लैंब के लगभग एक दशक लंबे करियर का अंत हो गया। इस दौरान लैंब ने लंकाशायर और ससेक्स दोनों का प्रतिनिधित्व किया और सभी फॉर्मेट में टीम के लिए अहम योगदान दिया।

खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला, टेबल टेनिस फेडरेशन की मान्यता रद्द



नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की मान्यता निलंबित कर दी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित करने को कहा। मंत्रालय ने यह कदम टीटीएफआई में प्रशासनिक खामियों का हवाला देते हुए उठाया। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि इस साल की शुरुआत में जारी कारण बताओ नोटिस का 'संतोषजनक जवाब नहीं मिलने' के बाद समय पर चुनाव नहीं करा पाना टीटीएफआई की मान्यता निलंबित करने के कारणों में शामिल है। मंत्रालय के आदेश में कहा गया, 'अंतरराष्ट्रीय संस्था (आईटीटीएफ) के परामर्श से एक आंतरिक नियामक तंत्र बनाने के लिए आईओए उचित कदम उठाएगा, जिसमें तदर्थ समिति का गठन भी शामिल है।

खिलाड़ियों को खेलने दे आईजीपीएल : मिल्खा



नई दिल्ली। गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कपिल देव के नेतृत्व वाली पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) से आग्रह किया है कि वह खिलाड़ियों को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने से न रोके, क्योंकि उन्हें अच्छी कमाई करने और अपने खेल को निखारने का पूरा अधिकार है। जीव ने कहा कि वह समझते हैं कि प्रत्येक टूर के अपने नियम होते हैं, लेकिन एक बार जब कोई खिलाड़ी उस टूर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी कर लेता है, तो उसे अन्य रास्ते तलाशने से नहीं रोका जाना चाहिए। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर ने आईजीपीएल में खेलने वाले गोल्फरों को पीजीटीआई की प्रतियोगिताओं में खेलने से रोक दिया है।

कैनेडियन ओपन: सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से

रोमांचक मुकाबले में ओसाका को मात सेमीफाइनल में पहुंचीं एलेना रायबाकिना



मैं लड़ने की कोशिश कर रही थी : रायबाकिना

रायबाकिना ने मैच के बाद कहा, मैं बस लड़ने की कोशिश कर रही थी। मैच का पहला गेम बहुत मुश्किल था। मैंने सेट गंवा दिया था, और फिर दूसरे में मैं बस स्कोर के करीब रहने की कोशिश कर रही थी, भले ही मैं हार रही थी। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह मैच जीता। रायबाकिना का सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से होगा।

एक सेट में पिछड़ने के बाद एलेना की वापसी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

एलेना रायबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नाओमी ओसाका को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

- सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की कोको गॉफ से

ओसाका ने पहले सेट की शुरुआत में ही अहम ब्रेक हासिल किया और मैच की अपनी पहली सर्विस गेम में रायबाकिना की सर्विस तोड़ दी। दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी के पास अगले ही गेम में वापसी करने का मौका था, लेकिन ओसाका ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए रखे। रायबाकिना ने बाकी सेट में कोई और ब्रेक पॉइंट नहीं लिया। ओसाका ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया।



रायबाकिना ने लगाया तीन एस

रायबाकिना ने दूसरे सेट में अपना फॉर्म वापस पा लिया। अपने पहले तीन सर्विस गेम में से दो में ब्रेक होने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने खुद दो ब्रेक हासिल किए और टाईब्रेकर तक पहुंची,जिसे उन्होंने जीत लिया। इसके बाद मैच तीसरे और निर्णायक सेट में पहुंचा। रोमांचक तीसरे सेट का टर्निंग पॉइंट तब आया जब राइबाकिना 3-2 से पीछे थीं और ट्रिपल ब्रेक पॉइंट का सामना कर रही थीं। 27 साल की रायबाकिना ने वापसी की, कुल चार ब्रेक पॉइंट बचाए और एक जरूरी होल्ड के साथ सारा मोमेंटम चुरा लिया। मैच में आगे बढ़ने के साथ ओसाका अपना आपा खोने लगीं, 4-3 से पीछे होने पर ब्रेक होने के बाद रायबाकिना ने मैच को अपने अंदाज में खत्म किया। उन्होंने तीन एस मारकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

जोडार ने बनाई सेमीफाइनल में जगह, आर्थर फिल्स को दी मात

राफेल जोडार ने कैनेडियन ओपन में आर्थर फिल्स को 7-6 (5), 6-3 से हराकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई। 19 साल के स्पेन के जोडार 2018 के बाद से कैनेडियन ओपन में पुरुषों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले टीनेजर बन गए। जोडार ने साल की शुरुआत नंबर 165 की रैंकिंग से की थी। फ्रांसीसी खिलाड़ी पर अपनी जीत के साथ, वह लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर पहुंच गए। साल के अपने चौथे एटीपी टूर सेमीफाइनल (माराकेश, बार्सिलोना और वाशिंगटन के बाद) में पहुंचकर, जोडार ने एटीपी रैंकिंग के टॉप 10 में शानदार बढ़त हासिल करने की अपनी कोशिश जारी रखी। दूसरे नतीजों के आधार पर, वह कनाडा में खिताब जीतकर नंबर 9 तक पहुंच सकते हैं।



बेसलाइन प्ले से फिल्स पर बनाया दबाव

शुरू में दो गेम के स्विंग के बाद, जोडार ने एक ब्रेक पॉइंट बचाया, फिर 2-0 से ब्रेक किया। उन्होंने अपने रिटर्न और शानदार बेसलाइन प्ले से फिल्स पर लगातार दबाव बनाया। फिल्स ने 0-3 पर दो ब्रेक पॉइंट और फिर 1-4 पर तीन और ब्रेक पॉइंट बचाए। फिल्स ने सातवें गेम की शुरुआत जोडार को 28-शॉट की रैली में हराकर की। एक और लंबी रैली में दोनों ने क्रॉसकोर्ट फोरहैंड मारे, इससे पहले कि फिल्स फिर से जीत गए। सर्विस पर वापस आकर और 4-5, 30-0 पर सर्व करते हुए, बारिश फिल्स के लिए गलत समय पर आ गई। लगभग एक घंटे के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू होने पर फिल्स 5-5 से बराबरी पर आ गए।

10 साल साथ रहने के बाद रोनाल्डो की जॉर्जिना से शादी

विवाह समारोह में रोनाल्डा के 5 बच्चे हुए शामिल



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के फुटबॉल स्टार का प्रतिनिधित्व करने वाली जनसंपर्क टीम ब्रंसविक ग्रुप ने रोनाल्डो और जॉर्जिना की शादी की घोषणा करते हुए इसे 'एक निजी और अंतरंग क्षण' बताया।

ब्रंसविक ग्रुप के अनुसार विवाह समारोह पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन के पास पश्चिमी पुर्तगाल के एक तटीय शहर कैस्केस में आयोजित किया गया था, जिसमें उनके 5 बच्चे शामिल थे। इस जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अंगूठियों की तस्वीर पोस्ट की। रोनाल्डो और जॉर्जिना की पहली मुलाकात मैड्रिड में हुई थी और वह पिछले 10 साल से साथ में थे। रोनाल्डो 41 साल के हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह पांच बार विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीत चुके हैं। उन्होंने हाल में पुर्तगाल की तरफ से रिकॉर्ड छठे विश्व कप में भाग लिया था। रोनाल्डो क्लब स्तर पर सऊदी अरब की टीम अल नासर की तरफ से खेलते हैं, जो शनिवार से अपने नए सत्र की शुरुआत करेगी।

जॉर्जिना के इंस्टाग्राम पर 77 मिलियन फॉलोअर्स

पिछले साल दोनों ने सगाई की तस्वीरें शेयर की थीं। मौजूदा समय में रोनाल्डो और जॉर्जिना दो बेटियों के माता-पिता हैं। साथ ही दोनों मिलकर पांच बच्चों की परवरिश कर रहे हैं। दोनों की प्रेम कहानी काफी रोचक है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मुलाकात जॉर्जिना से एक परफ्यूम स्टोर में हुई थी। उस मुलाकात के बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और जिंदगी पूरी तरह बदल गई। रोनाल्डो की तरह उनकी पत्नी जॉर्जिना भी लोकप्रियता में पीछे नहीं हैं। उनके भी इंस्टाग्राम पर करीब 77 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जॉर्जिना का जन्म अर्जेंटीना में हुआ था और उनकी परवरिश स्पेन में हुई हैं। 2016 में रोनाल्डो से एक स्टोर में मुलाकात के बाद दोनों की नजदीकियां बढ़ी थीं। फिर अक्सर कई इवेंट में दोनों को साथ देखा गया। देखते ही देखते जॉर्जिना का सफर एक स्टोर से मॉडलिंग तक पहुंच गया।

15 अगस्त से हॉकी वर्ल्ड कप वेल्स से भारत का पहला मैच

नई दिल्ली। नीदरलैंड्स और बेल्जियम की मेजबानी में 15 से 30 अगस्त के बीच महिला और पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप खेला जाएगा। 15 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में इस साल एक नया फ़ॉर्मेट अपनाया जाएगा। पारंपरिक क्वार्टर-फ़ाइनल स्टेज की जगह अब दूसरा ग्रुप स्टेज होगा, जिसका मतलब है कि नॉकआउट राउंड से पहले हर टीम कम से कम पांच मैच खेलेगी।

भारत की मैंस टीम को इंग्लैंड,पाकिस्तान और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इंग्लैंड और पाकिस्तान का सामना करने से पहले 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ मुक़ाबला होगा।

वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम चीन, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका के साथ ग्रुप डी में हैं। महिला टीम 16 अगस्त को चीन के खलिाफ अपने अभयिान का आगाज करेगी। इसके बाद 18 अगस्त को साउथ अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड का सामना करेगी।

भारत से भिड़ने श्रीलंका स्क्वॉड का ऐलान

शनिवार से गॉल में पहला मुकाबला, डीसिल्वा कप्तान और कमिंडू उपकप्तान

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। चोट के चलते कुशल मेंडिस और पाथुम निसांका सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। 16 सदस्यीय टीम की कमान ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा को सौंपी गई है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है।

चयनकर्ताओं ने अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को वापस बुलाया है, जिन्होंने आखिरी बार 2023 में टेस्ट मैच खेला था। बाएं हाथ के बल्लेबाज डिकवेला के पास 54 टेस्ट खेलने का अनुभव है, जिसके कारण उन्हें अंजला बंदारा पर प्राथमिकता दी गई है। बंदारा ने कोलंबो के एनसीसी ग्राउंड पर भारत के खिलाफ वार्मअप मैच में हिस्सा लिया था।



सिंकफील्ड कप: 95 चाल में की जीत हासिल

प्रज्ञानानंदा ने किया सिंदारोव के डिफेंस को ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप के दूसरे दौर के मैच में जावोखिर सिंदारोव के डिफेंस को ध्वस्त करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरे दौर के स्टार प्रज्ञानानंदा रहे, जिन्होंने रानी के सामने वाले प्यादे से शुरुआत करके धीरे-धीरे अपनी स्थिति मजबूत की और आखिर में जीत हासिल करने में सफल रहे।

सिंदारोव ने काले मोहरों से खेलते हुए बाजी ड्रॉ कराने को प्राथमिकता दी लेकिन वह प्रज्ञानानंदा की प्रतिबद्धता का अनुमान नहीं लगा पाए। इसका भारतीय खिलाड़ी को फायदा मिला, जिन्होंने 95 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 1.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने पहले दौर की बाजी ड्रॉ खेली थी।



कारुआना ने गिरी के खिलाफ खेला ड्रा

इस बीच पहले दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ खेला। दूसरे दौर में प्रज्ञाननंदा सहित चार खिलाड़ियों ने जीत हासिल की। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को, अमेरिका के ही वेस्ली सो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट को और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने अमेरिका के साविय़न सैमुअल को हराया। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी सिंदारोव का इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ विश्व खिताब के लिए मुकाबला होगा।

तलवारबाजी चैंपियनशिप

भारत का दबदबा पदकों में इजाफा

नई दिल्ली। भारतीय तलवारबाजी टीम ने नाइजीरिया के लागोस में चल रही राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सीनियर स्तर की विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर महिला फॉइल, सीनियर पुरुष ईपी और सीनियर पुरुष साबरे स्पर्धाओं में दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में 29 पदक जीत लिए हैं, जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने सीनियर महिला फॉइल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए। वहीं कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी टीम की साथी जॉयस आशिता ने रजत पदक जीतकर पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए।

No More जोर
पेट सफा लो
हर रोज...
तो आज ही ले आइए
पेट सफा आयुर्वेदिक
ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स
जिसे सेवन करना है बिल्कुल
आसान, परिणाम हैं पहले
दिन से और इसकी आदत
भी नहीं बनती।
Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
Granules & Tablets
कब्ज़ • गैस
एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa
20% EXTRA
TABLETS

वैज्ञानिकों ने लैब में बनाया इंसानी कोशिका से दिमाग!

बिजली के सिग्नल से आपस में कर रहा बात, सीख रहा वीडियो गेम

वॉशिंगटन। क्या आप सोच सकते हैं कि आपकी त्वचा की एक छोटी सी कोशिका से लैब के अंदर एक इंसानी दिमाग का हिस्सा तैयार किया जा सकता है? सुनने में भले ही यह हैरान कर देने वाला है, लेकिन अब यह हकीकत में हो रहा है। वैज्ञानिकों ने लैब में इंसानी कोशिकाओं से छोटे-छोटे जीवित दिमाग विकसित कर रहे हैं, जिन्हें ब्रेन ऑर्गेनॉइड्स या मिनी इंसानी दिमाग कहा जा रहा है। इन मिनी दिमाग की सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि साइंटिफिक प्लेट (पेट्री डिश) में ये छोटे टुकड़े सिर्फ बेजान कोशिकाएं नहीं हैं, बल्कि ये आपस में बिजली के सिग्नलों के जरिए बात करते हैं, प्रतिक्रिया देते हैं और यहां तक कि वीडियो गेम खेलना भी सीख रहे हैं! रिसर्चर्स इंसानी कोशिकाओं को रीप्रोग्राम करके इंड्यूस्ड प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल्स में बदल रहे हैं। इसके बाद इन कोशिकाओं को न्यूरॉन्स यानी दिमाग की मूल कार्य प्रणाली कोशिकाएं में विकसित होने के लिए निर्देशित किया जाता है।

जिंदा न्यूरॉन्स का नेटवर्क और इलेक्ट्रिकल सिग्नल

ये ऑर्गेनॉइड्स सिर्फ दिमाग का एक मॉडल भर नहीं हैं, बल्कि यह जीवित और इंसानी कोशिकाओं से बने न्यूरल टिश्यू हैं। जैसे-जैसे ऑर्गेनॉइड के अंदर न्यूरॉन्स तैयार होते हैं, वे आपस में नेटवर्क बनाते हैं और इलेक्ट्रिकल सिग्नल्स के माध्यम से बात करते हैं। वैज्ञानिक इन सिग्नल्स को डिटेक्ट भी कर सकते हैं और बाहर से इलेक्ट्रिकल सिग्नल देकर न्यूरॉन्स को उत्तेजित करने का भी काम कर सकते हैं। सरल शब्दों में कहें तो, वैज्ञानिक लैब में सिर्फ कोशिकाओं का समूह नहीं तैयार कर रहे, बल्कि एक जीवित न्यूरल नेटवर्क को बढ़ते और रिस्पॉन्ड करते हुए देख रहे हैं।



जब एआई से मिलेंगे जीवित इंसानी न्यूरॉन्स

एआई सिलिकॉन चिप्स, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का अभी प्रयोग करता है। लेकिन अब रिसर्चर्स एक ग्रुप ऑर्गेनॉइड इंटेलिजेंस यानी **OI** प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। साल 2023 में फ्रंटियर्स जर्नल में इस फील्ड का प्रस्ताव पेश किया गया था। जिसका टारगेट एआई को खत्म करना नहीं, बल्कि जीवित न्यूरल टिश्यू को इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलाकर एक नए तरह का कंप्यूटिंग सिस्टम बनाना है। जीवित न्यूरॉन्स बहुत ही कम ऊर्जा में और बहुत कम डेटा से सीखने का प्रयास करते हैं।



दवाओं की टेस्टिंग

जो दवा जानवरों पर काम करती है, वह इंसानों पर भी असरदार हो, यह जरूरी नहीं। मिनी-ब्रेन की सहायता से वैज्ञानिक दवाओं का सटीक परीक्षण इंसानी टिश्यू पर कर सकते हैं। इससे जानवरों पर टेस्ट करने की निर्भरता कम होगी। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया है। सितंबर 2025 में एनआईएच ने स्टैंडर्डाइज्ड ऑर्गेनॉइड मॉडलिंग सेंटर के लिए 87 मिलियन डॉलर की घोषणा की थी, जो शुरुआत में लीवर, फेफड़े, हृदय और आंतों के मॉडल के बाद अब ब्रेन मॉडल पर भी काम करेगा। वहीं, मार्च 2026 में, मानव-आधारित रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए 150 मिलियन डॉलर से ज्यादा के अतिरिक्त फंड का ऐलान किया गया।

क्या ये मिनी-ब्रेन एक्टिव हैं?

इसका सीधा जवाब है अभी नहीं। वैज्ञानिकों के पास फिलहाल ऐसा कोई टेस्ट नहीं है जो यह बता सके कि कोई ब्रेन ऑर्गेनॉइड एक्टिव है या नहीं। इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी या किसी उत्तेजना पर प्रतिक्रिया देने का मतलब यह नहीं होता कि वह जीव चेतना का एक्सपीरियंस कर रहा है।

डोनर के पास अधिकारों का दावा रहेगा?

जुलाई 2026 में नेचर की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई थी कि जो लोग मेडिकल रिसर्च के लिए अपने टिश्यू दान करते हैं, उन्हें यह अंदाजा भी नहीं होता कि उनकी कोशिकाओं का इस्तेमाल बायोलॉजिकल कंप्यूटिंग बनाने में किया जा सकता है। ऐसे में यह सवाल भी गहरा गया है कि क्या अपनी कोशिकाओं से बने बायोलॉजिकल कंप्यूटर पर डोनर का कोई अधिकार होगा या नहीं?

लैब में मिनी-ब्रेन तैयार करने का कारण

वैज्ञानिकों के पास इन मिनी-ब्रेन को विकसित करने के मुख्य रूप से दो बड़े कारण हैं- अल्जाइमर और ऑटिज्म जैसी बीमारियों पर रिसर्च। इंसानी दिमाग में जिन बीमारियों पर रिसर्च करना बहुत कठिन और मुश्किल होता है, उन्हें इन ऑर्गेनॉइड्स की सहायता से आसानी से समझा जा सकता है।

वीडियो गेम की दी जा रही ट्रेनिंग

यह रिसर्च ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के एडवांस लेब में हो रही है। मेलबर्न स्थित बायोटेक स्टार्टअप कोर्टिकल लैब्स में रिसर्चर्स की टीम ने डिशब्रेन प्रोजेक्ट को विकसित किया है, जहां न्यूरॉन्स को चिप से जोड़कर पोन्ग और डूम जैसे वीडियो गेम की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके साथ ही अमेरिका की जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में रिसर्च टीम ऑर्गेनॉइड इंटेलिजेंस तकनीक पर काम कर रही है।

सेटेलाइट तस्वीरों से खुलासा, क्या है मतलब

भारत, पाक और चीन के बीच बना 5,000 किमी लंबा मॉनसून हाईवे

बीजिंग। पाकिस्तान, भारत और चीन समेत पूरे इलाके में आने वाले दिनों में बहुत ज्यादा बारिश देखने को मिल सकती है। सैटेलाइट तस्वीरों में उत्तरी भारत से लेकर एशिया के अंदरूनी हिस्सों तक फैली बादलों की विशाल पट्टी (मॉनसून रेन हाईवे) दिखी है। एक्सपर्ट ने इसे देखने के बाद बताया है कि यह सक्रिय मॉनसून पैटर्न का संकेत है। इससे इस पूरे इलाके में भारी बारिश हो सकती है। इसमें पाकिस्तान से लेकर भारत और चीन तक के इलाके शामिल होंगे। सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रही यह संरचना कोई एक विशाल तूफानी बादल नहीं है। बल्कि यह मॉनसून के बहाव से जुड़ी गहरी कन्वेक्शन (हवा के ऊपर उठने की प्रक्रिया) और बादलों का एक लंबा क्षेत्र है। समें कई जगह तूफान और बारिश लाने वाले बादलों के समूह शामिल हैं। विंडी ने इसकी सैटेलाइट तस्वीरें शेयर की हैं।



मॉनसून रेन हाईवे क्या है

सैटेलाइट तस्वीरों में दक्षिण एशिया में 5,000 किलोमीटर लंबी बादलों की एक पट्टी (कॉरिडोर) मॉनसून सिस्टम के विशाल आकार को दिखाती है। यह पट्टी पाकिस्तान से शुरू होकर उत्तरी भारत होते हुए चीन की ओर जाती है। सैटेलाइट से देखने पर इसके लंबे फैलाव के कारण इसे मॉनसून रेन हाईवे कहा गया है। इसमें हवा के बड़े रास्ते (एटमॉस्फेरिक कॉरिडोर) के साथ कई बादल और तूफान वाले सिस्टम बनते हैं। एक इलाके में कई तूफान बनते हैं तो उनके बादल आपस में फैलकर जुड़ते हैं। अंतरिक्ष से यह बादलों की बड़ी और लंबी पट्टी लगती है। सैटेलाइट से हजारों किलोमीटर तक फैले इस स्ट्रक्चर को देखा जा सकता है।

ये सिस्टम कैसे बनता है

दक्षिण एशियाई मॉनसून हिंद महासागर से एशिया की ओर पानी की भाप (वॉटर वेपर) और हवा की धाराओं के बड़े पैमाने पर बहाव की वजह से बनता है। मॉनसून के मौसम में नमी वाली हवा की धारा उपमहाद्वीप के अंदर पहुंचती हैं। जैसे-जैसे हवा के बड़े हिस्से (एयर मासेज) ऊपर उठकर हवा के बहाव और जमीन के संपर्क में आते हैं तो बड़े बादल और बारिश वाले सिस्टम बनाते हैं। मॉनसून के मामले में सैटेलाइट इमेजिंग की बात की जाए तो 5,000 किलोमीटर लंबी बादलों की अपनी अहमियत है। यह पट्टी दिखाती है कि सक्रिय मॉनसून के मौसम में मौसम के सिस्टम एक-दूसरे पर कितने निर्भर होते हैं।

मंगल पर एलियंस खोजने में मदद करेगी ये नदी, जिसके पास है सिरके जैसा पानी

मैड्रिड। दक्षिण-पश्चिमी स्पेन में बहने वाली रियो टिंटो नदी को पहली नजर में देखेंगे तो शायद आपको लगे कि यह कोई प्राकृतिक नदी नहीं, बल्कि किसी कलाकार की बनाई हुई पेंटिंग है। करीब 50 किलोमीटर तक बहने वाली इस नदी का पानी गहरे लाल और नारंगी रंग में नजर आता है। लेकिन, इसका रंग किसी केमिकल डाई या हाल की प्रदूषण की वजह से नहीं है। इसके पीछे करोड़ों साल पुरानी भूगर्भीय कहानी, खास तरह के सूक्ष्मजीव और हजारों वर्षों से चली आ रही खनन गतिविधियां जिम्मेदार हैं।

रियो टिंटो ऐसे इलाके से होकर गुजरती है, जहां कभी बड़े पैमाने पर ज्वालामुखीय गतिविधियां हुआ करती थीं। यहां जमीन के नीचे सल्फाइड से भरपूर खनिजों के विशाल भंडार मौजूद हैं। जब बारिश या भूजल इन खनिजों



तक पहुंचता है और उनका संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन से होता है, तो कई तरह की रासायनिक अभिक्रिया शुरू हो जाती हैं। इन प्रक्रियाओं के कारण लोहे और सल्फर के यौगिक पानी में घुलने लगते हैं और नदी का पानी बेहद अम्लीय यानी खट्टा हो जाता है।

यहां ऐसे सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, जिन्हें एक्सट्रीमोफाइल कहा जाता है। ये जीव उन परिस्थितियों में भी आसानी से रह सकते हैं, जहां ज्यादातर जीवों का टिक पाना मुश्किल होगा।

रियो टिंटो की अम्लीयता हैरान करने वाली

इस पूरी प्रक्रिया में नदी के अंदर रहने वाले कुछ खास बैक्टीरिया भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। ये सूक्ष्म जीव लोहे और सल्फर के यौगिकों को ऑक्सीडाइज करते हैं। इससे फेरिक आयरन बनता है, जो जंग जैसा लाल रंग लिए होता है। यही नदी के पानी को उसका अनोखा लाल और नारंगी रंग देता है। रियो टिंटो की अम्लीयता भी कम हैरान करने वाली नहीं है। कई हिस्सों में इसका **pH** करीब 2 तक पहुंच जाता है, जो सिरके जैसी अम्लीयता के आसपास है। ऐसी स्थिति में आम पौधों, मछलियों और दूसरे जलीय जीवों का रहना बेहद मुश्किल होता है।

5000 साल पहले हुए खनन



हालांकि, नदी की यह अनोखी नेचुरल केमिकल नेचर है, लेकिन इंसानों ने भी इसे काफी प्रभावित किया है। इस इलाके में करीब 5,000 साल पहले से खनन के प्रमाण मिलते हैं। कॉपर एज, ब्रॉन्ज एज और रोमन काल में भी यहां खनन होता रहा. जमीन से सल्फाइड वाले पत्थरों को निकालने के कारण हवा और पानी ज्यादा मात्रा में इन खनिजों के संपर्क में आए, जिससे प्राकृतिक रासायनिक प्रक्रियाएं और तेज हो गईं. आधुनिक खनन गतिविधियां 2001 में रुकी थीं और 2016 में तांबे का उत्पादन फिर शुरू हुआ।

अंतरिक्ष में जीवन की खोज के लिए एक तरह की प्राकृतिक प्रयोगशाला

कभी इस नदी के लाल रंग को सिर्फ खनन से होने वाले प्रदूषण का नतीजा माना जाता था। लेकिन, वैज्ञानिक शोध से पता चला कि इसका मुख्य कारण प्राकृतिक भू-रसायन है, जबकि खनन ने इस प्रक्रिया को और बढ़ाया है। आज रियो टिंटो सिर्फ एक अनोखी नदी नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में जीवन की खोज के लिए एक तरह की प्राकृतिक प्रयोगशाला बन चुकी है। यहां जारोसाइट नाम का खनिज भी मिलता है, जिसकी मौजूदगी मंगल ग्रह पर भी दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसे खनिज पुराने सूक्ष्मजीवी जीवन के निशान सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।



वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिसेफिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



लड़के ने हाथों से लिखा बायोडाटा, फटाफट मिल गई नौकरी!

ब्रासीलिया। ब्राजील के एक 19 साल के लुकास गैब्रियल दा सिल्वा ने अपना बायोडाटा पूरी तरह हाथों से लिखा। उसकी हैंडराइटिंग इतनी साफ, सुंदर और व्यवस्थित थी कि देखने वाले दीवाने हो गए। वीडियो और तस्वीरें वायरल होते ही एक के बाद एक नौकरी के ऑफर आने लगे। लुकास ने पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश शुरू की। सामान्य तरीके से ऑनलाइन अप्लाई करने के बजाय उसने



कागज-कलम उठाया और अपना पूरा रेज्यूमे हाथ से लिख डाला। बायोडाटा में उसने साफ शब्दों में लिखा- 'मैं कोई एहसान नहीं मांग रहा। मैं सिर्फ एक मौका मांग रहा हूं।' उसका मकसद साफ था। वह एक स्थिर नौकरी चाहता था ताकि परिवार का खर्च चला सके और अपनी अधूरी प्राथमिक शिक्षा पूरी कर सके। यह ईमानदारी और सादगी भरा संदेश लोगों के दिलों को छू गया। लोग उसकी राइटिंग की तारीफ करने लगे। कई कंपनियों और बिजनेस मालिकों ने सीधे संपर्क किया और इंटरव्यू या जॉब ऑफर दिए। एक के बाद कई ऑफर्स आने से मामला और ज्यादा वायरल हो गया।

पैर के छाप बेच कर रही कमाई, ब्रेड पर लगाती है अंगूठे का निशान

नई दिल्ली। एक लड़की पैरों के छाप बेचकर और ब्रेड पर अंगूठे का निशान लगाकर लाखों की कमाई कर रही है। जी हां, आपने सही पढ़ा. यह कोई मजाक नहीं, बल्कि एक असली स्टोरी है जो लोगों को चौंका रही है और कइयों को प्रेरित भी कर रही है। लड़की अपने पैरों के साफ छाप या प्रिंट तैयार करती है और उन्हें ग्राहकों को बेचती है। इसके अलावा ब्रेड पर अंगूठे का निशान लगाकर उसे पैक करके डिलीवरी भी करती है। कई लोग इसे कलेक्टेबल या किसी खास पसंद के रूप में खरीद रहे हैं। वीडियो और पोस्ट्स में साफ दिखता है कि कैसे वह ब्रेड के टुकड़ों पर अंगूठे की छाप लगाती है, उन्हें सावधानी से पैक करती है और ऑर्डर के हिसाब से भेजती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com